रोहतक

मंगलवार 17 मार्च 2026

चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 30, अंक : 41
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


मौसम
अधि. 36.0
न्यून. 12.9


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## बिहार में एनडीए ने सभी 5 राज्यसभा सीटें जीतीं



### नीतीश कुमार व भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन पहुंचे राज्यसभा

- महागठबंधन के चार विधायक नहीं पहुंचे
- भाजपा को मिला फायदा
- ओडिशा में 4 में से 3 पर कब्जा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार और ओडिशा की 9 राज्यसभा सीटों पर सोमवार को चुनाव हुए। दोनों राज्यों में कुल 11 उम्मीदवार मैदान में थे। बिहार की सभी 5 सीटों और ओडिशा की 4 सीटों के नतीजे आ गए हैं। इन पर एनडीए कैंडिडेट्स ने जीत दर्ज की है। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राष्ट्रीय बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन ने 44-44 वोटों के साथ जीत दर्ज की है। रामनाथ ठाकुर को 42 वोट और उपेंद्र कुशवाहा को 42 वोट मिले। भाजपा कैंडिडेट शिवेश राम को 30 वोट मिले थे। हालांकि, दूसरी वरियता के आधार पर उन्होंने 37 वोट पाने वाले राजद के एडी सिंह को हरा दिया। इधर, ओडिशा में भाजपा के मनमोहन सामल, सुजीत कुमार और एनडीए समर्थित उम्मीदवार दिलीप रे ने जीत हासिल की। चौथी सीट पर बीजू जनता दल के संतरूप मिश्रा विजयी हुए। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने राज्यसभा चुनाव में जीत के बाद मनमोहन सामल और सुजीत कुमार को बधाई दी।

### मतगणना के 8:30 घंटे के बाद देर रात परिणाम घोषित

# राज्यसभा चुनाव : भाजपा-कांग्रेस को 1-1 सीट, संजय भाटिया को 39 और कर्मवीर बौद्ध को 28 वोट मिले

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा की राज्यसभा की दो सीटों के लिए सोमवार देर रात 1:30 पर चुनाव परिणाम घोषित हुए। शाम 5 बजे तक वोटिंग के बाद मतगणना में करीब साढ़े 8 घंटे का समय लगा। काफी जद्दोजहद के बाद भाजपा और कांग्रेस को 1-1 सीट पर जीत मिली। भाजपा के उम्मीदवार संजय भाटिया को 39 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के कर्मवीर सिंह बौद्ध को 28 वोट प्राप्त हुए। निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल 16 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। मतगणना के दौरान 5 वोट रद्द घोषित किए। इससे पहले चंडीगढ़ स्थित राज्य विधानसभा के कमेटी रूम में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक वोटिंग हुई। भाजपा की कांग्रेस के दो विधायकों के वोट में सीक्रेसी लीक होने की शिकायत के बाद चुनाव आयोग ने परिणाम रोक दिया। दूसरी ओर, कांग्रेस ने कैबिनेट मंत्री अनिल विज के वोट में सीक्रेसी लीक होने की शिकायत चुनाव अधिकारी से की। काउंटिंग में देरी के चलते कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चुनाव आयोग को लेटर लिखा है। उन्होंने कहा कि चुनाव में गड़बड़ी की कोशिश की जा रही है। हमारे वैध वोटों को अमान्य घोषित नहीं किया जा सकता।

आजाद उम्मीदवार सतीश नांदल 16 वोटों पर सिमटे



कर्मवीर बौद्ध सतीश नांदल

### 88 विधायकों ने वोट डाले

सूत्रों के मुताबिक, जांच में चुनाव आयोग ने कांग्रेस विधायक परमवीर सिंह का वोट रद्द कर दिया, जबकि अनिल विज और भरत सिंह बेनीवाल के वोट वैलिड माने। हालांकि, चुनाव आयोग का अभी तक इस पर कोई बयान भी सामने नहीं आया है। 90 सीटों वाली विधानसभा में 88 विधायकों ने वोट डाले। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के दोनों विधायक अर्जुन चौटाला और आदित्य देवीलाल वोटिंग से दूर रहे।



### पांच वोट रद्द

चुनाव में कुल पांच विधायकों के वोट रद्द घोषित किए गए। चार वोट मतगणना के दौरान रद्द हुए तो एक वोट परमवीर सिंह का मतगणना के पहले ही रद्द घोषित कर दिया गया।

### कांग्रेस में फूट : गौतम

खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि कांग्रेस में फूट उजागर हुई है। वे जल्द ही दो फाड़ हो जाएंगे। इनके वोट क्रॉस हुए हैं, यह कांग्रेसियों की गुटबाजी का नतीजा है। भाजपा ने पूरे पारदर्शी तरीके से चुनाव में भाग लिया है। हमने किसी से वोट नहीं मांगे। कांग्रेस के सभी आरोप झूठे और बेबुनियाद हैं। वह हार का ठीकरा हमेशा दूसरों पर फोड़ने में माहिर है।



### लोकतंत्र की जीत हुई : दीपेंद्र

चुनाव परिणाम के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र और कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि यह लोकतंत्र की जीत है। बीजेपी द्वारा हर अनैतिक हथकंडा अपनाया गया। हमारे विधायक साथ खड़े रहे। गुजरात के डिप्टी सीएम को यहां आब्जर्वर बना कर लाया गया और साम दाम दंड भेद का इस्तेमाल किया गया। जिसने भी कांग्रेस से गद्दारी की उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### 23 मई को खुलेंगे श्री हेमकुंड साहिब के कपाट

**देहरादून (भाषा)।** उत्तराखंड में विश्व के सबसे अधिक ऊंचाई पर स्थित प्रसिद्ध गुरुद्वारे श्री हेमकुंड साहिब के कपाट इस साल 23 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। श्री हेमकुंड साहिब प्रबंधन न्यास के अध्यक्ष नरेन्द्रजीत सिंह बिंद्रा ने सोमवार को प्रदेश के मुख्य सचिव आनंद बर्धन से मुलाकात कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुरुद्वारे के कपाट आगामी 23 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। मुलाकात के दौरान आगामी यात्रा व्यवस्थाओं तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर भी चर्चा की गई। *एजेंसी*

### खाने-पीने की चीजें महंगी होने से थोक महंगाई बढ़ी

**नई दिल्ली।** दाल, आलू, मछली जैसे खाने के सामान और अन्य वस्तुओं के दाम में तेजी से थोक मुद्रास्फीति फरवरी में बढ़कर 11 महीने के उच्चतम स्तर 2.13 प्रतिशत पर रही। हालांकि, मासिक आधार पर इस दौरान सब्जियों की कीमतों में नरमी आई। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। यह लगातार चौथा महीना है जब थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति में तेजी आई है। यह इस साल जनवरी में 1.81 प्रतिशत जबकि पिछले साल फरवरी में 2.45 % थी। अगर कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि जारी रहती है, तो थोक महंगाई और बढ़ सकती है। *एजेंसी*

### गैस की मारामारी के बीच राहतभरी खबर, अब हालात हो रहे सामान्य

# जंग के बीच एलपीजी लेकर भारत पहुंचा 'शिवालिक'

## हम क्यों लें पंगा... भारत समेत सभी देशों ने होर्मुज पर ट्रंप को छोड़ा अकेला



**एजेंसी ▶▶| तेल अवीव/तेहरान**

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग के बीच एलपीजी कैरियर जहाज शिवालिक कतर से गैस लेकर भारत पहुंच गया है। यह जहाज सोमवार शाम 5 बजे गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर पहुंचा। यह जहाज 14 मार्च को होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर रवाना हुआ था। मिडिल-ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच यह भारत पहुंचने वाला पहला एलपीजी जहाज है। शिवालिक जहाज पर करीब 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लदी है, जो लगभग 32.4 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर बताई जा रही है। शिपिंग मंत्रालय के मुताबिक दो और जहाज मंगलवार को भारत पहुंच रहे हैं। पहला जहाज नंदा देवी करीब 46 हजार टन एलपीजी लेकर आ रहा है, वहीं दूसरा जहाज जग लाडकी करीब 81 हजार टन कच्चा तेल लेकर आ रहा है।




### ईरान में भारतीय के लिए एडवाइजरी- बिना बताए बॉर्डर पार न करें

ईरान में रह रहे भारतीयों के लिए तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने सोमवार को एक नई एडवाइजरी जारी की है। इसमें भारतीय नागरिकों को सख्त सलाह दी गई है कि वे दूतावास को बिना बताए ईरान की सीमा पार करने की कोशिश न करें। एडवाइजरी में कहा गया है, "दूतावास भारतीय समुदाय के लोगों के लगातार संपर्क में है और जरूरत पड़ने पर मिलकर जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। बिना जानकारी दिए सीमा की ओर बढ़ना बिल्कुल मना है। दूतावास ने यह भी कहा है कि जो भारतीय नागरिक दूतावास को जानकारी दिए बिना जमीनी सीमा के रास्ते ईरान छोड़ने की कोशिश करेंगे, उन्हें गंभीर परेशानी और इमिग्रेशन से जुड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

### इजराइल बोला- ईरान के खिलाफ अगले 3 हफ्तों की सैन्य योजना तैयार

इजराइली सेना ने कहा है कि ईरान के साथ अगले 3 सप्ताह तक लड़ने के लिए उनकी प्लानिंग तैयार है। सेना के प्रवक्ता नदाव शोशानी ने सोमवार को कहा है कि सेना ने इससे आगे के समय के लिए भी अलग योजनाएं बना रखी है। इजराइली सेना का कहना है कि इस अभियान का मकसद सीमित है।

### मौत की अफवाहों के बीच नेतन्याहू ने नया वीडियो जारी किया

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक और 90 सेकंड का वीडियो पोस्ट किया है। उन्होंने रविवार को भी कॉफी पीते हुए एक वीडियो जारी किया था और अपनी मौत से जुड़ी अफवाहों का मजाक बनाया था। नए वीडियो में नेतन्याहू यरुशलम की पहाड़ियों में बने एक व्यू प्वाइंट पर लोगों से बातचीत करते नजर आ रहे हैं।


### अमेरिकी राष्ट्रपति को होर्मुज खुलवाने में किसी देश का नहीं मिला साथ

होर्मुज स्ट्रेट को खुलवाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अकेले पड़ गए है। उन्होंने कहा है कि अगर सहयोगी देश ईरान मामले में मदद नहीं करते तो नाटो का भविष्य खराब हो सकता है।



इस बीच भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साफ किया है कि होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की सुरक्षा के लिए युद्धपोत भेजने को लेकर उसकी अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि भारत हालात पर नजर बनाए हुए है और जरूरत पड़ने पर आगे फैसला किया जाएगा। इससे पहले ट्रंप ने चीन, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया और ब्रिटेन से अपील की थी कि वे होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की सुरक्षा के लिए अपने युद्धपोत भेजें। इस बीच जर्मनी ने साफ कर दिया है कि वह ईरान से जुड़े युद्ध में शामिल नहीं होगा और न ही सैन्य बल के जरिए होर्मुज स्ट्रेट को खुला रखने के किसी अभियान में हिस्सा लेगा। ग्रीस के सरकारी प्रवक्ता पावलोस मारिनाकिस ने भी कहा कि उनका देश होर्मुज स्ट्रेट में किसी सैन्य कार्रवाई में शामिल नहीं होगा।

(संबंधित पैकेज पेज-8 पर)



### पहली मंजिल पर ट्रॉमा केयर के आईसीयू में लगी आग

# ओडिशा-कटक के हॉस्पिटल में आग, 10 मरीजों की मौत

**11 कर्मी भी झुलसे**

- मृतकों के परिजन को 25-25 लाख मुआवजा, हादसे की हाई लेवल जांच का आदेश
- आग शॉर्ट सर्किट से लगी आग सीएम मांझी मिले घायलों से

**कटक (एजेंसी)।** ओडिशा में कटक के श्रीराम चंद्र भांजा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रविवार रात करीब 3 बजे आग लग गई। हादसे में 10 मरीजों की मौत हो गई है। इनमें से 7 ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, 3 की मौत इलाज के दौरान हुई। आग पहली मंजिल पर ट्रॉमा केयर के आईसीयू में लगी थी। यहां करीब 23 मरीज भर्ती थे। उन्हें बचाने में अस्पताल के कम से कम 11 कर्मचारी झुलस गए। अनुमान है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी। ओडिशा सीएम मोहन चरण मांझी सुबह घायलों को देखने के लिए हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिवारों को 25-25 लाख रुपये मुआवजा देने का ऐलान किया है। साथ ही हादसे की हाई लेवल जांच का आदेश दिया है। श्रीराम चंद्र भांजा मेडिकल कॉलेज कटक का सबसे बड़ा अस्पताल है। यहां पूरे राज्य से लोग इलाज करवाने के लिए आते हैं।

### दिल्ली शराब घोटाले में हाईकोर्ट से मिली राहत

## केजरीवाल-सिसोदिया को सीबीआई की याचिका पर जवाब देने का मिला समय

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 21 अन्य लोगों को आबकारी नीति मामले में दोषमुक्त किए जाने के फैसले को चुनौती देने वाली केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका पर जवाब देने के लिए समय दे दिया।




न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने अधीनस्थ न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर सुनवाई के लिए 6 अप्रैल की तारीख तय की।

### पाक स्पिनर अबरार को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया

## पाक खिलाड़ी खरीदना भारतीयों की जान से खिलवाड़ : गावस्कर

» इस पैसे से हथियार खरीदे जाते हैं

» सनराइजर्स ने ब्रिटिश लीग में खरीदा था अबरार को

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड की लीग द हंड्रेड में सनराइजर्स लीड्स ने पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद को खरीदा था, इस पर विवाद खड़ा हो गया है। इस फैसले पर पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। गावस्कर ने कहा कि भारतीय मालिकों का पाकिस्तानी खिलाड़ियों को खरीदना भारतीयों की जान से खिलवाड़ जैसा है और ऐसे फैसलों से बचना चाहिए। इन पैसों से भारत के खिलाफ लड़ने के लिए हथियार खरीदे जाते हैं। 13 मार्च को लंदन में हुए ऑक्शन में अबरार को 2.34 करोड़ में खरीदा गया था। ऑक्शन में



काव्या मारन मौजूद थीं, जो सनराइजर्स की सीईओ हैं। जिनके पास आईपीएल की सनराइजर्स हैदराबाद और साउथ अफ्रीका लीग की टीम सनराइजर्स ईस्टर्न केप भी है। सनराइजर्स के अबरार को खरीदने के फैसले के बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने काफी विरोध भी किया था।

### » क्या टूर्नामेंट जान से ज्यादा महत्वपूर्ण

गावस्कर ने सवाल उठाया कि क्या ऐसा टूर्नामेंट जीतना, जिसे दुनिया के बाकी देश नहीं खेलते, भारतीय लोगों की जान से ज्यादा महत्वपूर्ण है? सुनील गावस्कर ने कहा कि द हंड्रेड में किसी भारतीय मालिक वाली टीम द्वारा पाकिस्तानी खिलाड़ी को खरीदने पर विवाद होना हैरान करने वाली बात नहीं है। मुंबई हमलों के बाद से भारतीय फ्रेंचाइजी मालिक आईपीएल में पाकिस्तानी खिलाड़ियों को नहीं लेते रहे हैं। जब पाकिस्तानी खिलाड़ी को फीस दी जाती है, तो वह अपने देश में टैक्स देता है और वह पैसा वहां की सरकार के पास जाता है।

### अल्पसंख्यकों पर टिप्पणी करने पर दर्ज हुआ था केस

## ऑपरेशन सिंदूर पोस्ट विवाद : सुप्रीम कोर्ट से प्रोफेसर अली खान को राहत, केस खत्म

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में अहम घटनाक्रम हुआ। हरियाणा सरकार ने शीर्ष कोर्ट को बताया कि उसने "ऑपरेशन सिंदूर" से जुड़े सोशल मीडिया पोस्ट के मामले में प्रोफेसर के खिलाफ अभियोजन चलाने की मंजूरी देने से इनकार कर दिया है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के इस रुख को रिकॉर्ड में लेते हुए आपराधिक कार्यवाही को समाप्त कर दिया। साथ ही कोर्ट ने यह भी उम्मीद जताई कि प्रोफेसर भविष्य में अधिक जिम्मेदारी और सावधानी के साथ अपनी बात रखेंगे। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जोमाल्या बागची की पीठ ने राज्य सरकार की जानकारी को रिकॉर्ड में लेते हुए प्रोफेसर के खिलाफ चल रही आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि सरकार द्वारा अभियोजन की मंजूरी न दिए जाने के बाद मामले को आगे बढ़ाने का कोई आधार नहीं रह जाता।

**कृपया ध्यान दें** गुरुग्राम की एक सोसायटी ने बकाया वसूली के लिए निकाला अजब तरीका

### रोजमर्रा की सुविधाओं से होना पड़ सकता है वंचित सोसाइटी के मुख्य गेट के बोर्ड पर नाम भी लिखे

# डिफाल्टरों को नहीं मिल पाएगी जोमाटो स्विगी, मेड और कार धुलाई की सुविधा

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** गुरुग्राम की एक प्रीमियम टाउनशिप में जिन निवासियों ने मेंटेनेंस शुल्क का भुगतान नहीं किया है, उन्हें जल्द ही रोजमर्रा की सुविधाओं से वंचित होना पड़ सकता है। जोमाटो और स्विगी जैसे ऐप से आने वाली फूड डिलीवरी, कार धुलाई और यहां तक कि घरेलू सहायिकाओं (मेड) की सेवाएं भी तब तक निलंबित की जा सकती हैं, जब तक बकाया भुगतान नहीं कर दिया जाता। यह चेतावनी गुरुग्राम के उप्पल साउथेंड टाउनशिप में चल रही एक असामान्य सार्वजनिक कार्रवाई का हिस्सा है, जहां मुख्य गेट के बाहर मोटे काले अक्षरों में लिखे बड़े पीले बोर्ड पर उन निवासियों के नाम लगाए गए हैं, जिन्होंने मेंटेनेंस शुल्क नहीं चुकाया है। इस टाउनशिप में फ्लैट और बिल्डर फ्लोर की कीमत कम से कम 2 करोड़ रुपये है। यह बोर्ड केवल डिफॉल्टरों के नाम ही नहीं बताता, बल्कि उसके परिणाम भी स्पष्ट करता है।

### 2009 से लंबित है भुगतान




नोटिस में लिखा है, 'कृपया ध्यान दें कि आज से सभी गैर-जरूरी सेवाएं जिनमें मेड सेवाएं, कार वॉशिंग और जोमाटो तथा स्विगी जैसी डिलीवरी सेवाएं शामिल हैं, तब तक निलंबित रहेंगी जब तक पूरा बकाया अदा नहीं कर दिया जाता। जिन निवासियों के भुगतान लंबित हैं और जिनके नाम नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित हैं, उनसे अनुरोध है कि वे जल्द से जल्द अपना बकाया जमा करें।' कुछ निवासियों के बकाया कई साल पुराने हैं। कुछ मामलों में भुगतान 2012 से और यहां तक कि 2009 से लंबित है, जहां बकाया राशि 1 लाख रुपये से भी अधिक हो चुकी है।

### पहले भी की थी ऐसे ही वसूली

एक निवासी ने बोर्ड देखते हुए कहा, इतने लोगों ने पैसा नहीं दिया है। यह अच्छा है, शायद अब वे भुगतान करना शुरू करेंगे। रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के अनुसार, यह तरीका पहले भी काम कर चुका है। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष कर्नल सुरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि हमने 2023 में भी ऐसा ही बोर्ड लगाया था और लाखों रुपये का बकाया वसूल किया था। इस बार भी काफी बकाया जमा हो गया था। कोई इसका विरोध नहीं कर रहा है। हम निवासियों को भुगतान करने के लिए समझा रहे हैं। हमने डिलीवरी और मेड जैसी सेवाएं जारी रखी हैं क्योंकि कई कर्मचारी कई घरों में काम करते हैं।

### आसान नहीं प्रतिबंधों को लागू करना

अनिल रस्तोगी ने कहा, हमारी टाउनशिप कई सुविधाओं के लिए नगर निकायों पर निर्भर है, इसलिए मेंटेनेंस शुल्क जरूरी है। कुछ लोगों ने लंबे समय से भुगतान नहीं किया था, जिससे परेशानी हो रही थी, लेकिन अब वे धीरे-धीरे समझेंगे। हालांकि, आरडब्ल्यूए के एक पूर्व सदस्य का मानना है कि मौजूदा तरीका काफी सख्त है। पूर्व आरडब्ल्यूए अध्यक्ष और अधिवक्ता राजेश खटाना ने कहा, हमारे समय में हम लंबित बिलों के लिए साप्ताहिक रिमाइंडर भेजते थे, हर महीने बैठक करते थे और शिकायत निवारण सत्र भी आयोजित करते थे। अब बिना ठीक से याद दिलाए और सूचित किए, लोगों के नाम सार्वजनिक किए जा रहे हैं। हालांकि टाउनशिप के मुख्य गेट पर मौजूद सुरक्षा गार्डों का कहना है कि इन प्रतिबंधों को सख्ती से लागू करना शायद संभव नहीं होगा।

## खबर संक्षेप

### कम्युनिटी पुलिसिंग को बढ़ावा दे रहे : डीजीपी

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग को सशक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे जनभागीदारी आधारित कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रभावी मॉडल के रूप में उभरकर सामने आए हैं। महानिदेशक अजय सिंघल ने कहा कि कम्युनिटी पुलिसिंग आधुनिक पुलिस व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बन चुकी है और हरियाणा पुलिस इस दिशा में लगातार नए प्रयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट पुलिस कैडेट कॉर्प्स, साइबर राहगिरी, कम्युनिटी लाइजन ग्रुप, मित्र कक्ष और जनता दरबार जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से पुलिस सीधे समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़ रही है।

### महाराजा अग्रसेन की नीतियों पर चले समाज

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति और जनरल हाउस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। हरियाणा प्रदेश प्रधान कुलभूषण गोयल ने सभी अतिथियों और प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन की नीतियों और आदर्शों पर चलना अत्यंत आवश्यक है।



# बंद की 'दुश्मन की आंख'

## सोनीपत के हिंदू कॉलेज के सामने रेलवे के खंभे पर मिला संदिग्ध कैमरा, कहीं जासूसी के लिए तो नहीं लगाया

## सूचना मिलते ही आरपीएफ ने सफेद कपड़े से ढंका, चार पुलिस कर्मचारी तैनात, सुबह दिल्ली से आएगी विशेष टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत रेलवे स्टेशन से महज 500 मीटर दूरी पर रेल लाइन के लगे ओएचई खंभे पर सोलर प्लेट सहित संदिग्ध सीसीटीवी लगा मिला। आरपीएफ चौकी के पास जासूसी के प्रयोग होने वाला कैमरा लगा मिलने से हड़कंप मचा हुआ है। शहर के प्रतिष्ठित हिंदू कॉलेज भी कैमरे लगे स्थान के एकदम सामने है। बड़ा सवाल यह है कि कहीं देश विरोधी नेटवर्क को नहीं चल रहा था। सोनीपत देश के अहम रेलवे स्टेशन है, जो देश की राजधानी को उत्तर भारत से जोड़ता है। वंदे भारत, शताब्दी सहित अन्य महत्वपूर्ण ट्रेनें इसी मार्ग पर चलती है। सेना की मूवमेंट के लिए भी रेलवे स्टेशन अहम है। रेलवे खंभे पर कैमरा लगे होने की सूचना मिलने पर आरपीएफ ने मामले की जानकारी दिल्ली मुख्यालय स्थित उच्च अधिकारियों को दी है। इसके अलावा सीसीटीवी को सफेद कपड़े से ढककर दुश्मन की आंख को बंद कर दिया। पुलिस ने 50 मीटर दायरे में किसी के भी आने पर रोक जगा दी है।

### बड़ा सवाल : सोनीपत से दिल्ली और चंडीगढ़ को जोड़ने वाला सबसे महत्वपूर्ण रेलवे रूट, किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की हो सकती है साजिश

**इसलिए खतरा**

- रेलवे स्टेशन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अहम, चलती हैं सेना की विशेष गाड़ियां
- 70 से ज्यादा एक्सप्रेस व अन्य गाड़ियां स्टेशन से गुजरती हैं
- दिल्ली विस्फोट में फरीदाबाद मॉड्यूल सामने आया था, घटना से बढ़ी चिंता



### कहीं ट्रेनों की जानकारी विदेशों में तो नहीं भेजी जा रही थी

सोनीपत आरपीएफ थाना प्रभारी संगम यादव ने बताया कि आरपीएफ कर्मियों को रविवार सुबह गश्त के दौरान हिंदू कन्या कॉलेज के सामने रेल लाइन के साथ खंभे पर संदिग्ध सीसीटीवी लगा दिखाई दिया। प्राथमिक जांच में सीसीटीवी को लेकर स्थानीय रेलवे अधिकारियों व तकनीकी शाखा से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने इस संबंध में जानकारी होने से मना कर दिया। इसके बाद मामले की जानकारी दिल्ली उच्चाधिकारियों को दे दी गई है, जल्द ही तकनीकी टीम मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी संबंधी मामले की जांच करेगी। गाजियाबाद में पकड़े गए आरोपी रेलवे स्टेशन, सार्वजनिक स्थानों व सुरक्षा बल के लोकेशन के वीडियो बनाकर विदेशों में भेज रहे थे, जहां से उन्हें बदलें में ऑनलाइन खातों में मोटी रकम भेजी जाती थी।

### गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर लग चुकी सुरक्षा में सेंध

आरपीएफ ने सुरक्षा के लिहाज से चार पुलिस कर्मियों को मौके पर तैनात किया गया है। सूत्रों की मानें तो मंगलवार सुबह तक दिल्ली व गाजियाबाद से उच्च अधिकारी व तकनीकी टीम मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी व मामले की जांच करेंगे। बता दें कि गाजियाबाद में हाल ही में पुलिस की ओर से पकड़े गए छह आरोपी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर देश के बड़े रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, मेट्रो स्टेशन, भारत के सैन्य ठिकाने आदि स्थानों पर सोलर बेस्ड सीसीटीवी लगाने की फिराक में थे।

### बराड़ा से आरडीएक्स बरामद, अब सोनीपत में मिले कैमरे से शक गहराया



हाल में अंबाला के बराड़ा में एसटीएफ ने तीन युवकों से लगभग 2 किलो आरडीएक्स जब्त किया था। पुलिस अधिकारियों ने विस्फोटक के बरामदगी में पाकिस्तान का एंगल होने का शक है। मामले की जांच जारी है। अंबाला में भारतीय वायुसेना का महत्वपूर्ण बेस है। वहीं सेना की पश्चिमी कमान चंडी मंदिर में है। अब सोनीपत में स्टेशन कैमरा लगा होने से खुफिया एजेंसियों की चिंता बढ़ गई है।

### पंजाब के युवाओं को नशे से बचाना जरूरी: रेखा शर्मा

**चंडीगढ़।** राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने संसद के उच्च सदन में पंजाब में तेजी से बढ़ती नशे की समस्या तथा फैलते हुए गन कल्चर का गंभीर मुद्दा उठाते हुए इस पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं है, बल्कि पंजाब के युवाओं, सामाजिक संरचना और राज्य के भविष्य के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है। प्रदेश सरकार इस दिशा में कुछ नहीं कर रही है।


**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank

पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदार(ों) को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से स्वर्ण आभूषणों के तहत प्राप्त किए गए ऋण के तहत बकाया देय राशि का भुगतान करने के लिये एक सूचना जारी की गई थी। देय राशि के पुनर्भुगतान में विफल रहने की वजह से, गिरवीकृत स्वर्ण आभूषणों की नीलामी 16 अप्रैल 2026 को आयोजित की जाएगी। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी नियम व शर्तें सम्बन्धित कानूनी वारिस(ों) के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नम्बर | कर्जदार(ों) के नाम | नीलामी शाखा पता / पते |
|---|---|---|
| शाखा का नाम : फरीदाबाद - सेक्टर-35 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीएफ 8910, अशोका एंक्लेव-2, सेक्टर-35, फरीदाबाद, हरियाणा-121003 |
| 085705003515 | हरीश चन्द्र ठाकुर | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - हुडा मार्केट सेक्टर-14 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीएफ-94, भू-तल, हुडा मार्केट, सेक्टर-14, गुरूग्राम, हरियाणा-122001 |
| 589757000006 | रवि प्रकाश | |
| शाखा का नाम : जीन्द | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ नं. 10, डिस्ट्रिक्ट शॉपिंग सेंटर, जीन्द, हरियाणा-126102 |
| 050362004308 | अतिलाश कुमार | |

नीलामी ऊपर तालिका में वर्णित पते/पतों पर और तिथि/तिथियों को आयोजित की जाएगी। समय : अप. 3.00 बजे - अप. 6.00 बजे।
कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/नीलामी का मोड परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
इच्छुक पार्टियां नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु उपरोक्त शाखा/शाखाओं में पधार सकते हैं।

दिनांक : 17.03.2026 — भवदीय, हस्ता/- प्राधिकृत हस्ताक्षरी
स्थान : फरीदाबाद, गुरूग्राम, जीन्द — कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



**कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी**

अभियोग संख्या 318 दिनांक 18.10.25 धारा 137 (2),96 BNS थाना शहर रेवाड़ी।

**गुमशुदा की पहचान**



नाम- शिवानी पुत्री मुकेश कुमार निवासी गाँव गोठडा
हाल अजय नगर थाना शहर रेवाड़ी।
उम्र- 17 साल 4 महीना
कद- 5 फुट 1 इंच
हुलिया- रंग गेहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, पतला फुर्तीला शरीर
पहनावा- काले रंग सूट सलवार पैरों में बैंगनी रंग की चपप्ल पहने है।

दिनांक 17.10.25 को समय करीब 2.00 PM पर शिवानी पुत्री मुकेश कुमार निवासी गाँव गोठडा हाल अजय नगर थाना शहर रेवाड़ी अपने घर से विना बताए घर से चली जाने पर अभियोग पंजीकृत हुआ है। जिसका अभी तक सुराग नहीं चला है यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रेवाड़ी- 7056666121
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रेवाड़ी- 01274-225156, 9306952004
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रेवाड़ी- 9588719951

पीआरडीएच-1084/11/4578/2026/43886/88/6 दि. 16.03.26


# वकालत न्याय, मानवता व जनसेवा का सशक्त दायित्व : मुख्यमंत्री



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वकालत केवल आजीविका का माध्यम नहीं, बल्कि न्याय, मानवता और जनसेवा का सशक्त दायित्व है। उन्होंने कहा कि व की ल लोकतंत्र की न्या यि क व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, जो न केवल समाज के कमजोर, वंचित और जरूरतमंद वर्गों को न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाते हैं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन, नैतिक मूल्यों की स्थापना और राष्ट्र निर्माण में भी अग्रणी योगदान देते हैं। मुख्यमंत्री रविवार देर शाम संत कबीर कुटीर पर चंडीगढ़ व पंजाब से लीगल सेल से जुड़े वकीलों को संबोधित कर रहे थे।

- मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ व पंजाब के लीगल सेल से जुड़े वकीलों को संबोधित किया

### राष्ट्रसेवा का माध्यम बनाएं : नायब सैनी

मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून का क्षेत्र केवल विधिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में न्याय, समानता और अधिकारों की रक्षा का माध्यम भी है। उन्होंने युवा वकीलों का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपनी ऊर्जा, ज्ञान और उत्साह को समाजहित में समर्पित करें तथा अपने पेशे को केवल व्यक्तिगत सफलता तक सीमित न रखकर राष्ट्रसेवा का माध्यम बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी वे वकीलों के बीच होते हैं, तो स्वयं को मानवता के रक्षकों के बीच पाते हैं। उन्होंने कहा कि यह बड़े ही गर्व की बात है कि भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश, जस्टिस सूर्यकांत हरियाणा के रहने वाले हैं। उन्होंने हरियाणा की धरती से निकलकर न्याय के सर्वोच्च शिखर को स्पर्श किया है।

## स्वीडन प्रतिनिधिमंडल ने जानी आयुर्वेद उपचार की पद्धति



**चंडीगढ़।** भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद की वैश्विक स्तर पर स्वीकार्यता लगातार बढ़ रही है। इसी कड़ी में स्वीडन के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकूला का दौरा किया और आयुर्वेद उपचार पद्धतियों को जाना। एनआईए में पहुंचने पर उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. गौरव गर्ग ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और उन्हें आयुर्वेद चिकित्सा पद्धतियों से अवगत कराया। वहीं, डीन इंचार्ज प्रोफेसर सतीश गंधर्व ने प्रतिनिधिमंडल को संस्थान की कार्यप्रणाली और शैक्षणिक गतिविधियों बारे जानकारी दी।


**अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त (1) **संदीप पंवार, पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी वीपीओ-सैदपुर, तहसील खरखौदा जिला सोनीपत, हरियाणा** (2) **निक्की उर्फ निकिता पुत्री श्री ओम प्रकाश निवासी मकान नंबर 35, ब्लॉक-सी, शनि बाजार, सुल्तानपुरी, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 267/2017 धारा 3/4/5/8 आईटीपी एक्ट, थाना नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **संदीप पंवार** और **निक्की उर्फ निकिता** मिल नहीं रहे हैं और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **संदीप पंवार** और **निक्की उर्फ निकिता** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 267/2017 धारा 3/4/5/8 आईटीपी एक्ट, थाना नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संदीप पंवार** और **निक्की उर्फ निकिता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **18.05.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हों।

आदेशानुसार
श्री अभिनव सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-01, उत्तर-पश्चिम
कमरा नं.102, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली

DP/3256/RD/2026



**THE HARYANA STATE COOPERATIVE SUPPLY AND MARKETING FEDERATION LIMITED**
DISTRICT OFFICE, BHATTU ROAD, FATEHABAD, HARYANA (INDIA)-125050
TEL: 01667-297254 | E-Mail: dmhfd-ftd@hafed.gov.in | Web-site: www.hafed.gov.in

**TENDER/QUOTATIONS NOTICE**

Sealed quotations/offers are hereby invited from various reputed Pvt. Parties having experience in the line for supply of Lab equipments for setting up Labs at godowns for testing of food grain, other lab operations for one year i.e. upto 31.03.2027. The required equipments are Parkhi (IS :2816: 1964), Pokers, Bag Trier, Enamel Plates, Measuring Glass (100ml), Dial Thermometer, Gas mask, Sample divider, Sieve Set, Magnifying Glass, Dial Caliper, Small Scoop Set, Counter Scale (1 kg. Capacity), Portable Balance With weight, Digital Balance, Conical flask, Pepette, Test tube with stopper, Foot Sprayer Pump.The interested parties have to deposit Rs. 20000/- as earnest money in the shape of DD in favour of District Manager Hafed, Fatehabad alongwith their quotation/offers on date 24.03.2026 upto 11.00 A.M. in the office of D.M. Hafed, Bhattu Road, Fatehabad. The interested parties are advised to submit the quotations with complete details of firm along with email address and also quote rates on FOR basis. The quotations will be opened in the presence of the party on the same day at 12.00 A.M. The quantity of one or more equipment may increase or decrease as per prevailing circumstances. Hafed reserves the right to accept or reject all or any offers/quotations without assigning any reason. No conditional quotations will be considered by the committee.

Sd/-District Manager,Hafed, Fatehabad


## पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा को लगेगा झटका : ढांडा



**चंडीगढ़।** आप राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने कहा कि आने वाले समय में पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा को ज़ोर का झटका लगेगा है। जनता सरकार की जनविरोधी नीतियों से बेहद नाराज़ है और चुनाव में भाजपा को करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि असम और केरल में आम आदमी पार्टी खुद चुनाव लड़कर भाजपा को चुनौती देगी, जबकि पश्चिम बंगाल में आम आदमी पार्टी ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस को समर्थन देकर भाजपा को हराने का काम करेगी। आम आदमी पार्टी का हर कार्यकर्ता भाजपा की गलत नीतियों के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ेगा। ढांडा ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों और कुप्रबंधन के कारण आज पूरा देश एलपीजी गैस के गंभीर संकट से जूझ रहा है। कई राज्यों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लगी हुई हैं और आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं, बुजुर्गों और कामकाजी लोगों को घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लोग अपने सारे काम छोड़कर सिलेंडर पाने का प्रयास कर रहे है।

### अनुबंधित कर्मियों के पंजीकरण का समय बढ़ा

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने हरियाणा अनुबंध कर्मचारी (सेवा सुरक्षा) अधिनियम, 2024 तथा नियम, 2025 के तहत पोर्टल पर अनुबंध कर्मचारियों के पंजीकरण और सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने के लिए समय-सीमा एक माह के लिए बढ़ा दी है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में जारी पत्र के अनुसार, जिन अनुबंध कर्मचारियों ने अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है, वे 15 अप्रैल तक पोर्टल पर पंजीकरण कर सभी संबंधित दस्तावेज अपलोड कर सकेंगे। संबंधित आहरण एवं वितरण अधिकारी (डीडीओ) 25 अप्रैल तक, कर्मचारियों द्वारा पोर्टल पर अपलोड किए गए विवरण को सत्यापित करेंगे और विभागीय सेवा रिकॉर्ड की जांच करेंगे। सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद वित्त विभाग कार्रवाई करेगा।

# बजट सत्र का दूसरा चरण, सदन ने दिवंगत लोगों को दी श्रद्धांजलि



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सोमवार को हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान सदन में शोक प्रस्ताव पढ़ते हुए हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण की माता प्रेम कौर कल्याण के निधन और गुरुग्राम में एक कंस्ट्रक्शन साइट पर हुए हादसे में 7 लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने शोक-संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की। दोपहर में सदन की कार्यवाही की शुरुआत में ही डिप्टी स्पीकर ने शोक प्रस्ताव रखकर दिवंगतों के लिए शोक जताया गया। सत्ता पक्ष और विपक्ष की ओर से नेता विपक्ष सभी ने शोक व्यक्त किया और दो मिनट का मौन रखा गया। इसके साथ ही सदन की कार्यवाही को मंगलवार की सुबह तक के लिए स्थगित कर दिया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रेम कौर कल्याण का 13 मार्च, को हुआ निधन अत्यंत दुःखद है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करने की कामना की।

मुख्यमंत्री ने 9 मार्च को गुरुग्राम में एक कंस्ट्रक्शन साइट पर मिट्टी के नीचे दबने से 7 लोगों की हुई दुःखद एवं असामयिक मृत्यु पर भी गहरा दुःख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत पीड़ादायक घटना है और इस हादसे में दिवंगतों के परिवारों के प्रति उनकी गहरी संवेदनाएं हैं। इसके अलावा जींद जिले के सफीदों क्षेत्र में हुए हादसे में महिला श्रमिकों की मृत्यु पर भी गहरा दुःख व्यक्त किया।

- गुरुग्राम में पांच श्रमिकों की मौत पर मुख्यमंत्री ने शोक जताया


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | सोनीपत जिले में जिन्दल विश्वविद्यालय के पीछे जगदीशपुर रोड को रोड चौड़ा करने की वजह से एलटी लाइन सहित 11 केवी राठधना एपी, 11 केवी जगदीशपुर आरडीएस, 11 केवी उद्योग कुंज फीडर की शिफ्टिंग। | 13.03.2026 24.03.2026 | 96.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प रोहतक | आबकारी एवं कराधान विभाग (जीन्द) हेतु जिला मुख्यालय कार्यालय का निर्माण (लिफ्ट का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 12.03.2026 03.04.2026 | 97.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिला हरियाणा में सुभाष स्टेडियम सोनीपत में मिट्टी भराई कार्य। | 13.03.2026 20.03.2026 | 54.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | पंचकूला जिले में पिंजौर एरोड्रोम के परिसर की अवसंरचना के रखरखाव और कार्यालय के भवन के चारों ओर घास और अन्य छोटे पौधे इत्यादि के पौधारोपण के लिए लैंडस्कैपिंग कार्य का विकास (4 माह विकास कार्य जमा 18 माह रखरखाव)। | 06.03.2026 19.03.2026 | 46.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 eehortpwd@gmail.com |
| 5 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | पानीपत में लघु सचिवालय के लैंडस्केपिंग कार्य का वार्षिक रखरखाव और 4 अन्य। | 16.03.2026 24.03.2026 | 60.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 5 वर्ष के लिए प्रचालन एवं रखरखाव के साथ-साथ चरखी दादरी और महेन्द्रगढ़ के स्टोन क्रशर्स एरिया के लिए 10 नये सीएक्यूएमएस स्टेशनों की खरीद। | 17.03.2026 15.04.2026 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 5 वर्ष के लिए प्रचालन और रखरखाव के साथ-साथ रेवाड़ी और झज्जर के स्थापना के लिए दो नये सीएक्यूएमएस स्टेशनों की खरीद। | 17.03.2026 15.04.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा बहादुरगढ़ | बहाव रूकावटों को हटाने के लिए केसीबी ड्रेन के आरडी 2200 और आरडी 755 पर वीआर ब्रिज के डेक स्लैब को उठाना। | बंद होने की तिथि 24.03.2026 | 217.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | इन्द्री एस्केप के आरडी 64800 पर वीआर ब्रिज का पुनर्निर्माण + 2 कार्य। | 11.03.2026 20.03.2026 | 449.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2258008 xeninddivn@yahoo.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सोनीपत | बाढ़ 2025 के पश्चात गांव झुंडपुर जिला सोनीपत में यमुना नदी पर 300 फुट लम्बाई के रिवेटमेंट और 3 अदद स्टोन स्टड्स का निर्माण करके मनौली कॉम्पलैक्स के संरक्षण का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 23.03.2026 | 120.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9050101646 xenrws@rediffmail.com |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सोनीपत | यमुना नदी के आरडी 0 से 23750 तक टांडा जगदीशपुर बंध के डिजाइन सेक्शन की ब्रिंगिंग। | बंद होने की तिथि 19.03.2026 | 223.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9050101646 xenrws@rediffmail.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | केसीबी ड्रेन पर 67500 के वीआर ब्रिज का पुनर्निर्माण / पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 26.03.2026 | 179.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034106126 xenconst21@gmail.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सोनीपत | बाढ़ 2025 के पश्चात गांव पबनेरा जिला सोनीपत में यमुना नदी पर 800 फुट लम्बाई के रिवेटमेंट और 10 अदद नये स्टोन स्टड्स का निर्माण करके मिमारपुर कॉम्पलैक्स के संरक्षण का प्रावधान (बाढ़ संरक्षण कार्य)। | बंद होने की तिथि 24.03.2026 | 336.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813232636 xenwsdivnspt@rediffmail.com |
| 14 | जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मामले नियंत्रक, अम्बाला | हैंडलिंग कार्य (8 किलोमीटर दूर अम्बाला सिटी और नारायणगढ़)। | 14.03.2026 19.03.2026 | | https://etenders.hry.nic.in | 8800154900 dfscamb1@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज राजौंद | विश्वकर्मा सामुदायिक केन्द्र को पूरा करना (जाखौली कमान) + 3 कार्य। | 12.03.2026 19.03.2026 | 24.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8630071961 sdoprrajound@gmail.com |
| 16 | पंचायती राज सोनीपत | गांव चिटाना में लाकड़ा समुदाय की सामान्य चौपाल का निर्माण + 5 कार्य। | 13.03.2026 24.03.2026 | 46.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9268376188 brijmohansdo@gmail.com |
| 17 | पंचायती राज भिवानी | गांव रातेरा ब्लॉक बवानी खेड़ा में महाराणा प्रताप भवन का निर्माण, एचजीवीवाई + 1 कार्य। | 13.03.2026 18.03.2026 | 94.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 18 | पंचायती राज करनाल | गांव बरानी खालसा ब्लॉक नीलोखेड़ी, जिला करनाल में सामान्य चौपाल को पूरा करना + 2 कार्य। | 13.03.2026 23.03.2026 | 80.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 19 | पंचायती राज करनाल | गांव सौंकरा ब्लॉक नीलोखेड़ी में राजकीय विद्यालय से सरदार करनैल सिंह नम्बरदार चौपाल तक आईएलपीबी गली का निर्माण + 2 कार्य। | 12.03.2026 21.03.2026 | 124.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 20 | महिला एवं बाल विकास विभाग भिवानी हरियाणा | एडब्ल्यूसीएस को एसएनपी आपूर्ति का परिवहन कार्य। | 13.03.2026 24.03.2026 | 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466150800 pobhw.wcd@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in — पीआरडीएच-11/2026/400/43898/I/88/6 दि. 16.03.26

## खबर संक्षेप



### गुरुग्राम में चलती कार में लगी आग

**गुरुग्राम।** सोहना एलिवेटेड रोड पर घामडोज टोल प्लाजा के पास एक चलती कार में अचानक आग लग गई। कुछ ही सेकंड में कार पूरी तरह आग की लपटों में घिर गई। सड़क से गुजर रहे लोगों ने तत्काल इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। कार में शोभित खन्ना नामक युवक चला रहा था जो सोहना से गुरुग्राम की ओर जा रहा था। कार से धुआं निकलते देख शोभित ने सूझबूझ का परिचय देते हुए वाहन को तुरंत सड़क किनारे रोका और समय रहते बाहर निकल गया। इसके कुछ ही पलों में आग तेजी से फैल गई और पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। फायर ब्रिगेड कर्मियों के अनुसार, शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

### अवैध नशा बेचने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने आरोपी विवेक निवासी गांव बेहत जिला ग्वालियर हाल निवासी मीठापुर दिल्ली को शनि बाजार पल्ला फरीदाबाद से 1300 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है। वहीं अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने आरोपी अब्दुल रहमान निवासी खुर्जा, जिला बुलंदशहर उत्तर प्रदेश हाल निवासी अजय नगर एत्मादपुर फरीदाबाद को बंगाल शूटिंग रेज के पास खाली ग्राउंड, फरीदाबाद से 300 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामले दर्ज किये गये और माननीय अदालत में पेश कर आरोपी विवेक को 4 दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### कुरुक्षेत्र में सरस्वती तीर्थ पर चैत्र चौदस मेला शुरू

**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा के पवित्र सरस्वती तीर्थ पर स्नान, पिंडदान और तर्पण से श्रद्धालु अपने पूर्वजों की शांति के लिए प्रार्थना करेंगे। त्रयोदशी पर श्रद्धालु सरस्वती तीर्थ पर पहुंचना शुरू हो चुके हैं। वे मंगलवार सुबह चौदस का मुख्य स्नान के बाद पिंडदान और तर्पण करेंगे। चैत्र चौदस को पिशाच मोचनी माना जाता है, जिसमें पितरों की आत्मा को मुक्ति देने के लिए स्नान, पिंडदान, गतिकर्म, तर्पण और दीपदान करेंगे।

## फतेहाबाद में नशे के गढ़ गुरुनानकपुरा में वारदात, पुलिस व्यवस्था पर सवाल

# नाके पर दो होमगार्ड जवानों के पास ही युवक की चाकू मारकर हत्या, एसपी ने किए सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

शहर के गुरुनानकपुरा मोहल्ले में रविवार रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। हमलावर कार में सवार होकर आए और झगड़े के बाद युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर फरार हो गए। इस दौरान नाके पर दो होमगार्ड जवान भी मौजूद थे, लेकिन उन्होंने झगड़ा रोकने की कोशिश नहीं की। नशे के गढ़ के रूप में बदनाम गुरुनानकपुरा में पुलिस द्वारा विशेष नाके लगाए जाने के बावजूद हत्या होने से पुलिस पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस मामले में एसपी सिद्धांत जैन ने दोनों होममार्ड को निलंबित कर दिया है वहीं आरोपियों की धरपकड़ के लिए चार टीमों का गठन किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार 25 वर्षीय संदीप कुमार उर्फ दीपा के माता-पिता सिरसा में रहते हैं जबकि वह अपने नाना-नानी के पास फतेहाबाद के गुरुनानकपुरा में रहता था। मृतक के मामा काका सिंह और मामी सुनीता ने बताया कि संदीप चार बहनों व दो भाइयों में सबसे छोटा था। वह बचपन से ही उनके पास रहता था। सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहा है कि गुरुनानकपुरा मोहल्ले की गली में नाका लगा हुआ है, जिस पर दो होमगार्ड जवान तैनात हैं। इस नाके के पास स्थित घर के बाहर एक कार आकर रुकी। इस कार में सवार एक युवक नीचे उतरकर संदीप उर्फ दीपा से झगड़ा करता है। फिर भीड़ इकट्ठी हो जाती है। इस दौरान तैनात दोनों होमगार्ड एक बार उनकी तरफ जाते हैं, फिर आकर दीवार के पास खड़े हो जाते हैं। एक होमगार्ड जवान फोन पर बात करता है। इसी बीच संदीप अपने घर में जाकर डंडा लेकर आता है। कुछ ही पलों बाद हमलावर संदीप पर चाकू से वार कर देते हैं। सीसीटीवी फुटेज में हमलावरों में से एक युवक भागता हुआ नजर आता है।

### मृतक पर भी दर्ज हैं पांच केस



उधर, पुलिस के अनुसार, संदीप पर पांच केस दर्ज हैं। इनमें नशा बेचने के आरोप में एनडीपीएस एक्ट के तहत जबकि बाकी चोरी, लड़ाई-झगड़े के आरोप में दर्ज हैं। वह जेल भी जा चुका था। एसपी सिद्धांत जैन ने संदीप उर्फ दीपा के मर्डर के आरोपियों को पकड़ने के लिए डीएसपी संजय बिश्नोई के नेतृत्व में चार टीम गठित कर दी गई है।

## दोस्तों से साथ गए युवक को सुए से गोदा हत्या कर शव खंडहर मकान में फेंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत में एक युवक की निर्मम तरीके से हत्या कर शव को शहर के सेक्टर 13-17 में एक खंडहर मकान में फेंक दिया गया। कुछ लोगों ने वहां शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की। हत्या सुएं जैसे किसी नुकीले हथियार से की गई है। मृतक के शरीर पर कई गहरे जख्म मिले हैं। पुलिस के मुताबिक हत्यारों ने दिल वाले हिस्से को टारगेट करते हुए सुएं से छाती पर भी वार किया हुआ है। इसके बाद पुलिस ने एफएसएल व सीआईए की टीम को भी बुलाया, जिसने घटनास्थल से अंगुलियों के निशान और अन्य साक्ष्य एकत्रित किए। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि उनके बेटे को रविवार की शाम को उसके कुछ दोस्त बुलाकर ले गए थे। पुलिस अब मृतक के उन दोस्तों को तलाश रही है, जो उसे बुलाकर ले गए थे। मृतक की पहचान पानीपत के हरि नगर के रहने वाले 22 वर्षीय विशाल के तौर पर हुई है। विशाल की हत्या किसने और क्यों की, यह अभी रहस्य बना हुआ है। हालांकि परिजनों ने उन युवकों पर शक जाहिर किया है जो उसे घर से बुलाकर ले गए थे। पुलिस उनकी धरपकड़ के लिए छापेमारी कर रही है।

# खुद की रिवॉल्वर से गोली लगने से इंस्पेक्टर घायल


## नेशनल हाईवे पर सड़क किनारे घायल मिले

- गोली लगने के कारणों की तलाश कर रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

नेशनल हाईवे पर गांव धांगड के पास संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से पुलिस विभाग में तैनात इंस्पेक्टर घायल हो गए। घायल इंस्पेक्टर को फतेहाबाद के निजी अस्पताल में लाया गया। निजी अस्पताल से फर्स्ट एड के बाद इंस्पेक्टर को हिसार रेफर कर दिया।

गोली लगने के बाद काफी खून इंस्पेक्टर का बह गया। इसकी वीडियो भी सामने आई है। इसमें इंस्पेक्टर आसपास में एकत्रित लोगों को खुद ही उन्हें गाड़ी में डालकर अस्पताल ले जाने की बात कह रहे हैं। जानकारी के अनुसार, इंस्पेक्टर शमशेर सिंह सिरसा के पुलिस लाइन में तैनात हैं। वह मूल रूप से जिला फतेहाबाद के गांव धारसूल कलां का रहने वाले हैं। इंस्पेक्टर शमशेर सिंह सोमवार को दोपहर बाद हिसार स्थित अपने निवास से अपनी निजी गाड़ी से सिरसा जा रहे थे। अभी यह नहीं पता लग पाया है कि



इंस्पेक्टर ने स्वयं ही गोली मारी या सर्विस रिवॉल्वर से गोली चल गई या कुछ और परिस्थितियों में उन्हें गोली लगी है। अभी उनके बयान नहीं हो सके हैं। गोली उनके पेट के ऊपर छाती के पास लगी है। पुलिस इंस्पेक्टर शमशेर सिंह खतरे से बाहर बताए गए हैं। फिलहाल फतेहाबाद सदर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इंस्पेक्टर शमशेर सिंह को गोली उनके सर्विस रिवॉल्वर से ही लगी है। यह अभी जांच का विषय है कि गोली कैसे लगी। सदर पुलिस इंस्पेक्टर के बयान के बाद ही आगे की कार्रवाई करेगी।

## जींद का चर्चित श्याम सुंदर हत्याकांड

# ठेकेदार की हत्या में 11 को आजीवन कारावास

- हत्या के मामले में गवाही रोकने को हुई थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयबीर सिंह की अदालत ने कांट्रेक्टर की गोलियां मारकर हत्या करने तथा उनके भतीजे पर जानलेवा हमला करने जुर्म में 11 लोगों को आजीवन कारावास तथा 75 -75 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने की सूरत में दोषियों को दो साल का अतिरिक्त करावास भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार चौड़ी गली निवासी हन्नी ने 23 नवंबर 2021 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि कांट्रेक्टर ताऊ श्याम सुंदर सुबह अपने आवास में बने कार्यालय में बाहर खड़े थे। वह भी साथ था। उसी दौरान चौड़ी गली की तरफ से मास्क लगाए तीन युवक आए और अपने पास मौजूद असलहा से अंधाधुंध फायरिंग कर दी। जिसमें गोलियां लगने से उसके ताऊ श्याम सुंदर तथा वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों द्वारा दोनों घायलों को गंभीर हालात में सामान्य अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने श्याम सुंदर को मृत घोषित कर दिया। घायल हन्नी ने पुलिस को बताया था कि 17 अप्रैल 2016 को उसके पिता पुरुषोतम पर जानलेवा हमला किया गया था। जिसमें उसके ताऊ श्यामसुंदर मुख्य गवाह थे। गवाही की तारीख 24 नवंबर लगी थी। उसके पिता पुरुषोत्तम पर जानलेवा हमला करने वाले लोगों ने ही उसके ताऊ श्याम सुंदर की योजनाबद्ध तरीके से सुपारी देकर हत्या करवाई है। शहर थाना पुलिस ने हन्नी की शिकायत पर सुभाष नगर निवासी धर्मेंद्र पहलवान, गांव पोंकरीखेड़ी निवासी बलजीत, रोशन, नरेश, गांव अमरगढ़ निवासी जगदीश, गांव खदराई निवासी कुलदीप, गांव सिसाय निवासी राजेश उर्फ लीला, सचिन उर्फ गांधी, प्रदीप गट्टा, पवन उर्फ जान, गांव मुंढाल निवासी मनजीत के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था। सोमवार को अदालत ने सभी 11 दोषियों को आजीवन कारावास तथा 75 -75 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

## ट्राले की टक्कर से टैंपो सवार बच्चे की मौत, खाटू से लौट रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

रविवार की रात दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर कसोला चौक के पास टॉले की टक्कर से टैंपो पलट गया, जिससे उसमें सवार 11 साल के बच्चे की मौत हो गई। टैंपो में सवार चार अन्य लोग घायल हो गए। चालक ट्रॉला छोड़कर फरार हो गया। गुरुग्राम के एक मानेसर में रह रहा परिवार टैंपो से खाटूश्याम मंदिर में दर्शन के लिए गया था। परिवार के साथ गुरुग्राम का कासन निवासी 11 वर्षीय सुमित भी था। टैंपो कसोला चौक के पास पहुंचा तो पीछे से आ रहे ट्रॉले ने टक्कर मार दी। इससे टैंपो पलट गया। इसमें सुमित की मौत हो गई।

## ट्रेजरी अफसर का परिणाम जारी, तीन पद कोर्ट केस के चलते रखे खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

हरियाणा लोक सेवा आयोग ने ट्रेजरी अफसर और असिस्टेंट ट्रेजरी अफसर भर्ती का परिणाम घोषित कर दिया है। यह परीक्षा 25 जनवरी को आयोजित हुई थी। इंटरव्यू के लिए 179 उम्मीदवारों ने क्वालिफाई किया था, जिनको इंटरव्यू के लिए 2 व 3 जनवरी को बुलाया गया था। ट्रेजरी अफसर के 5 पदों के लिए 83 और असिस्टेंट ट्रेजरी अफसर के 35 पदों के लिए 843 उम्मीदवार मुख्य परीक्षा के लिए योग्य पाए गए थे। मुख्य परीक्षा में कुल 184 उम्मीदवारों ने क्वालिफाई किया था, लेकिन 5 उम्मीदवारों की अभ्यर्थिता बाद में रद्द कर दी गई। अब इंटरव्यू के लिए 179 उम्मीदवारों को बुलाया गया। हरियाणा लोक सेवा आयोग ने कोर्ट केस के चलते फाइनल रिजल्ट में तीन पदों को खाली रखा है। इसमें जनरल, ईडब्ल्यूएस और जनरल डीईएसएम कैटेगरी का एक-एक पद शामिल है। ट्रेजरी अफसर परिणाम में रिजर्व कैटेगरी से सामान्य कैटेगरी में शामिल हुआ है। वहीं असिस्टेंट ट्रेजरी अफसर में 4 कैंडिडेट रिजर्व से सामान्य कैटेगरी में शामिल हुए हैं।

## सफीदों अग्निकांड में दो और महिलाओं ने दम तोड़ा

**जींद।** सफीदों में रंग-गुलाल की फैक्ट्री में आग लगने से झुलसी दो और महिला मजदूर ने पीजीआई रोहतक में सोमवार को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इसके साथ मरने वाली महिला मजदूरों का आंकड़ा 12 पहुंच चुका है। छह अन्य मजदूर विभिन्न अस्पतालों में उपचाराधीन हैं। पुलिस ने आगजनी की घटना में फैक्ट्री मालिक समेत चार लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ गैर इरादतन हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। मामले की जांच एएसपी के नेतृत्व में गठित एसआईटी द्वारा की जा रही है। सफीदों की गीता कॉलोनी में अवैध रूप से चल रही रंग गुलाल की फैक्ट्री में गत 7 मार्च को लगी आग में झुलसी शिव कॉलोनी निवासी कश्मीरी देवी (39) और डिग्गी मोहल्ला निवासी रानी (45) की सोमवार को पीजीआई रोहतक में उपचार के दौरान मौत हो गई।



मृतका कश्मीरी देवी का फाइल फोटो।

# हैफेड गोदाम से साढ़े 3 करोड़ की सरसों गायब

- 12 हजार बैग कम मिले, पुलिस को शिकायत देकर स्टोरकीपर पर जताया शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

कनीना के उन्हाणी स्थित हैफेड गोदाम से 12 हजार से अधिक बैग गायब हैं। विभाग को करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये की चपत लगी है। शक वहां कार्यरत स्टोरकीपर पर है, जिसकी निगरानी में गोदाम में यह बैग रखे गए थे। इस पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब 28 मार्च से शुरू होने वाली रबी फसल खरीद के लिए गोदाम खाली करवाने के लिए वहां से स्टॉक का उठान आरंभ हुआ। बताया जाता है कि गोदाम से एक फर्म ने सरसों का उठान करना था, जब वह मौके पर पहुंचे तो गोदाम में बहुत कम मात्रा में सरसों मिली। इसकी सूचना उन्होंने हैफेड के अधिकारियों को दी। जिस पर अधिकारियों ने मौका मुआयना कर स्टॉक का फिजिकल वेरीफिकेशन किया तो 12000 से अधिक सरसों के बैग कम मिले। इस बारे में फील्ड इंस्पेक्टर स्टोर झज्जर निवासी ऋषि से पूछताछ की। इस सरसों को उसकी देखरेख में ही रखा गया था। गायब हुई सरसों की कीमत खुले बाजार में करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये आंकी गई है। मामले की भनक लगने पर पुलिस व हैफेड अधिकारी असमंजस में हैं। इस घटना के बाद गोदामों की फिजिकल वेरीफिकेशन की जरूरत हो गई है। इधर, हैफेड अधिकारियों ने कनीना सिटी पुलिस को शिकायत दी है, जिस पर जांच कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि इस प्रकरण में अन्य कर्मचारियों की संलिप्तता होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। गहनता से जांच होने पर मामले का पूरी तरफ पटाक्षेप हो सकता है। वहीं कनीना सिटी थाना इंचार्ज राकेश कुमार ने मौका मुआयना किया है।

इस बारे में हैफेड के जिला प्रबंधक प्रवीण भारद्वाज ने बताया कि उन्हाणी गोदाम में फिजिकल वेरीफिकेशन की गई थी, जिसमें स्टॉक की गड़बड़ी मिली।



**कनीना।** उन्हाणी स्थित हैफेड गोदाम जहां से सरसों के बैग गायब हुए।

## राज्यसभा चुनाव को लेकर इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला ने कही दो टूक

# जनता की आवाज पर नहीं डाले वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने राज्यसभा चुनाव में वोट देने के मुद्दे पर कहा कि जनता की आवाज भगवान की आवाज है और जनता ने मुझे कांग्रेस और बीजेपी से दूरी बनाने को कहा है। ऐसे में पार्टी के दोनों विधायक मतदान से अनुपस्थित रहेंगे। कांग्रेस से हमारी दूरी पहले से ही है। वहीं बीजेपी ने पिछले ग्यारह सालों में जातिवाद व सांप्रदायिकता को बढ़ावा दिया है। भाजपा राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा और विधायक



रामकुमार गौतम की भाषा इनेलो विरोधी रही है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी हमारे बारे में अभद्र भाषा का प्रयोग करता है। हम भाजपा को वोट किसी कीमत पर नहीं देंगे। इस दौरान इनेलो के दोनों विधायक अदित्य देवीलाल और विधायक अर्जुन चौटाला भी उनके साथ मौजूद रहे। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि क्रॉस वोटिंग रोकने के लिए भी कानून बनाना चाहिए। क्रॉस वोटिंग करने वालों पर भी 6 साल चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगना चाहिए। निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल के वोट मांगने पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि नांदल का कॉल आया था। मेरे वोट डालने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि हरियाणा में 3 पार्टी प्रदेश का नाश कर रही हैं। कुल मिलाकर बीजेपी सांपनाथ है, कांग्रेस नागनाथ है और तीसरा बिच्छू नाथ है। तीन में से एक पार्टी को तो जनता ने साइड लाइन कर दिया है।

## 2 साल की बेटी के साथ 23वीं मंजिल से कूद किया सुसाइड

- कोरोना के दौरान आंखों की रोशनी कम होने से परेशान रहता था युवक
- पुलिस मृतक की पत्नी से भी कर रही आत्महत्या को लेकर पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सोमवार को एक पिता ने अपनी दो साल की बेटी को गोद में उठाकर सोसाइटी की 23वीं मंजिल से कूद गया। नीचे गिरते ही दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है। मृतक की पहचान दिल्ली के नांगलोई निवासी राहुल के तौर पर हुई है। वह गुरुग्राम में सेक्टर-102 स्थित जॉयविले सोसाइटी में पत्नी नीतू दहिया और बेटी वामिका के साथ रहता था। उसकी बड़ी बेटी देहरादून के एक स्कूल में 11वीं क्लास में पढ़ रही है। राहुल अपनी पत्नी नीतू दहिया के साथ दिल्ली में एक स्कूल चलाता था। अमित ने बताया कि राहुल कोविड के समय बीमार हो गया था। उसकी दोनों आंखों में परेशानी रहने लगी थी। मृतक की पत्नी से भी पूछताछ चल रही है।

## यमुनानगर में परीक्षा केंद्र पर परिजनों ने किया जमकर हंगामा

# 10वीं की परीक्षा में 7 छात्राओं ने निरीक्षक पर लगाए छेड़छाड़ के आरोप, पुलिस ने पकड़ा

- आरोप-छात्राओं को गलत तरीके से छुआ और आंखों व हाथों से गंदे इशारे किए
- छात्राओं ने पानी पीने के बहाने बाहर आकर स्टॉफ को दी जानकारी, परिजनों को भी परीक्षा के बाद आपबीती बताई तो कटा बवाल



**यमुनानगर।** स्कूल में हंगामा करते लोगों को समझाते पुलिस अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा के दौरान मॉडल कॉलोनी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक निरीक्षक पर सात छात्राओं से छेड़छाड़ करने का आरोप लगा है। छात्राओं ने आरोप लगाया कि परीक्षा के दौरान निरीक्षक ने उन्हें गलत तरीके से छुआ और गंदे इशारे किए। जब पीड़ित छात्राओं के परिजनों को घटना के बारे में पता चला तो उन्होंने परीक्षा केंद्र के बाहर जमकर हंगामा किया और आरोपी निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी निरीक्षक को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार कैंप क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी एक निजी स्कूल में 10वीं कक्षा में पढ़ती है और उसकी बोर्ड परीक्षाएं मॉडल कॉलोनी के इस स्कूल में चल रही हैं। सोमवार को दोपहर साढ़े 12 से साढ़े तीन बजे तक एसएसटी का पेपर था। उसकी बेटी अपनी छह सहेलियों के साथ परीक्षा देने आई थी।

आरोप है कि जिस कमरे में छात्राएं परीक्षा दे रही थीं, वहां दड़वा गांव के राजकीय स्कूल के शिक्षक की बतौर निरीक्षक ड्यूटी लगी हुई थी। परीक्षा के दौरान उसने छात्राओं को गलत तरीके से छुआ और आंखों व हाथों से गंदे इशारे किए। छात्राओं ने पानी पीने के बहाने बाहर निकलकर स्कूल स्टाफ को घटना की जानकारी दी। इसके बाद स्कूल प्रशासन ने पुलिस और छात्राओं के संबंधित स्कूल को सूचना दी। सूचना मिलते ही रामपुरा चौकी और महिला थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। स्कूल प्रशासन ने आरोपी शिक्षक को पुलिस के हवाले कर दिया। परीक्षा समाप्त होने के बाद जब परिजन केंद्र के बाहर पहुंचे तो छात्राओं ने रोते हुए पूरी घटना बताई। इससे गुस्साए अभिभावकों ने स्कूल के बाहर हंगामा कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

### छात्राओं के लिए जा रहे बयान

महिला थाना प्रभारी शीलावंती ने बताया कि कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचना मिली थी कि मॉडल कॉलोनी स्थित स्कूल में छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की घटना हुई है। पुलिस ने आरोपी अध्यापक को हिरासत में ले लिया है। छात्राओं के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और साक्ष्यों के आधार पर उचित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। आरोपी के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सफलता — देश की पहली हाईड्रोजन ट्रेन का दोबारा लिया ट्रायल

सोमवार को ट्रेन ने सबसे ज्यादा दूरी तय की

# तकनीकी सुधार के बाद सोनीपत व जींद के बीच हाईड्रोजन ट्रेन ने लगाए 2 चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद जंक्शन के निकट हाइड्रोजन प्लांट में खड़ी हाइड्रोजन ट्रेन का तकनीकी सुधार व मेंटेनंस के बाद फिर से ट्रायल किया गया। सोमवार को पहली बार ट्रेन को जींद से सोनीपत रूट पर दो बार चलाया गया। इस दौरान हर जंक्शन पर ट्रेन को एक से दो मिनट पर रोका गया। ट्रेन सुबह लगभग साढ़े सात बजे हाइड्रोजन प्लांट के यार्ड से निकली। इसके बाद ट्रेन को जींद जंक्शन पर लाया गया। वहां से ट्रेन लगभग सुबह सवा 11 बजे सोनीपत के लिए रवाना हुई। ट्रेन दोपहर लगभग दो बजकर 50 मिनट पर सोनीपत पहुंची थी। यहां दस मिनट ठहराव के बाद ट्रेन दोपहर तीन बजे सोनीपत से जींद के लिए रवाना हुई और शाम पांच बजकर 10 मिनट पर ट्रेन जींद पहुंची। इसके बाद ट्रेन शाम साढ़े पांच बजे जींद से सोनीपत के लिए दोबारा चली। इस बार ट्रायल के लिए पानी की कैनियों को दोबारा से ट्रेन में रखा गया है। जींद से सोनीपत रूट पर पहली बार ट्रेन के दो चक्कर लगाए गए हैं।

इस दौरान ट्रेन की गति 70 से 75 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड रखी गई है। इससे पहले 25 से 28 फरवरी को चार दिन तक हुई ट्रायल के दौरान जींद से सोनीपत रूट पर एक ही चक्कर लगाया गया था और उस दौरान पानी की कैनियों को उतार दिया गया था। एक सप्ताह बाद दिल्ली से मेंटेनंस के लिए जींद पहुंची ट्रेन को दोबारा ट्रायल के लिए ट्रैक पर चलाकर देखा गया है। गौरतलब है कि जींद से सोनीपत रूट पर तीन पैसेंजर ट्रेन चल रही है। इसमें एक ट्रेन सुबह सवा छह बजे चलती है, जो लगभग पौने नौ बजे सोनीपत पहुंचती है। इसके अलावा दूसरी ट्रेन सुबह साढ़े दस बजे चलती है, जो दोपहर को लगभग पौने एक बजे सोनीपत पहुंचती है। वहीं तीसरी ट्रेन दोपहर साढ़े 12 बजे चलती है जो दोपहर लगभग ढाई बजे सोनीपत पहुंचती है। इस रूट पर चलने वाली यह देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन है।

### जींद से सोनीपत के बीच आते हैं यह स्टॉप

जींद से सोनीपत के बीच की दूरी लगभग 90 किलोमीटर है। जींद से चलकर ट्रेन भंभेवा, ईसापुर खेड़ी, बुटाना, गोहाना, राबरा, लाठ, मुहाना, बरवानसी और सोनीतप जैसे स्टॉप आते हैं। सोमवार को हुई ट्रायल में पैसेंजर ट्रेन की तरह हाइड्रोजन ट्रेन का एक मिनट के लिए ठहराव किया गया। जबकि पहले हुए ट्रायल में पांडु पिंडारा, भंभेवा और मुहाना में ही ट्रेन को रोका गया था।

## कमजोर वैश्विक रुझानों से बाजार में आई गिरावट

# ईरान जंग का असर, चांदी 9,000 रुपये लुढ़की, सोना 2,950 रुपये हुआ सस्ता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमतें 9,000 रुपए लुढ़ककर 2.56 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि सोना 2,950 रुपये टूटकर 1.60 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। विश्लेषकों ने कहा कि कमज़ोर वैश्विक रुझानों और मज़बूत डॉलर के साथ ईरान युद्ध ने कीमती धातुओं की कीमतों को प्रभावित किया। चांदी 9,000 रुपये, या 3.4 प्रतिशत लुढ़ककर 2,56,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जो शुक्रवार के बंद भाव 2,65,500 रुपये प्रति किलोग्राम से कम है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही और यह 2,950 रुपये या 1.81 प्रतिशत टूटकर 1,60,250 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया।

### मजबूत डॉलर ने कीमतों को किया प्रभावित

## चांदी लुढ़ककर 2.56 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई

### निवेशक डॉलर और बांड की ओर मुड़े

कारोबारियों ने सराफा कीमतों में गिरावट का कारण मुनाफावसूली और सुरक्षित निवेश की मांग के डॉलर और बॉन्ड की ओर मुड़ने को बताया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया हुआ है।



### कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, ''सोने की कीमतें फिलहाल नीचे आ रही हैं, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण बाजार में लंबे सौदों की तेज़ी से कटान की जा रही है। हम सुरक्षित निवेश की मांग में एक स्पष्ट बदलाव देख रहे हैं। निवेशक कीमती धातुओं से अपना पैसा निकालकर डॉलर और बॉन्ड में लगा रहे हैं।''

### मजबूत डॉलर ने कीमतों पर डाला दबाव

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक, प्रवीण सिंह ने बताया कि विदेशी बाजारों में सोना लगभग 4,992 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है। इसकी वजह यह है कि मज़बूत डॉलर ने कीमतों पर दबाव डाला है। साथ ही, ऊर्जा की बढ़ती कीमतों के कारण मुद्रास्फीति (महंगाई) की चिंताओं में बढ़ोतरी हुई है, जिससे फेडरल रिज़र्व द्वारा निकट भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कम हो गई हैं।

### चांदी 80 डॉलर प्रति औंस से नीचे आई

अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में भी सराफा कीमतें नीचे ही रहीं, जो घरेलू बाज़ार जैसे ही रुझान दिखा रही थीं। यहां हाजिर सोना 5,000 डॉलर प्रति औंस के स्तर से नीचे फिसल गया, जबकि चांदी 80 डॉलर प्रति औंस से नीचे आ गई। सोना 20.94 डॉलर या 0.42 प्रतिशत गिरकर 4,998.31 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी 1.81, या 2.25 प्रतिशत टूटकर 78.76 डॉलर प्रति औंस रह गई।

### निकट भविष्य में सराफा की कीमतें रहेगी नरम

कोटक सिक्योरिटीज की एवीपी (जिंस शोध), कायनात चैनवाला ने कहा कि निकट भविष्य में सर्राफा (सोना-चांदी) की कीमतें नरम रह सकती हैं। जब तक भू-राजनीतिक या नीतिगत दृष्टिकोण में कोई बड़ा बदलाव नहीं होता, तब तक कीमतों में किसी भी दिशा में कोई बड़ा उतार-चढ़ाव होने की संभावना कम है। उन्होंने कहा कि कारोबारी, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की आगामी नीतिगत बैठक पर नज़र रखे हुए हैं।

### फेड ब्याज दरों में नहीं करेगा बदलाव

चैनवाला इस बैठक से मिलने वाले नए आर्थिक अनुमानों के आधार पर नीतिगत दृष्टिकोण के बारे में संकेत तलाश रहे हैं, क्योंकि व्यापक रूप से यह उम्मीद की जा रही है कि फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करेगा ।

### टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहन 1 अप्रैल से होंगे महंगे

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने सोमवार को कहा कि वह एक अप्रैल से अपने वाणिज्यिक वाहनों की पूरी श्रृंखला की कीमतों में 1.5 प्रतिशत तक की वृद्धि करेगी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि जिंस की बढ़ती कीमतों और अन्य लागत व्यय के प्रभाव को कम करने के लिए यह फैसला लिया गया है। कंपनी के अनुसार, कीमतों में यह बढ़ोतरी अलग-अलग मॉडल और संस्करणों के आधार पर भिन्न-भिन्न होगी।

### फोनपे ने आईपीओ को सूचीबद्ध होने से रोका

**नई दिल्ली।** डिजिटल भुगतान एवं वित्तीय सेवा मंच फोनपे ने वर्तमान भू-राजनीतिक संघर्ष और बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण अपनी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की प्रक्रिया को फिलहाल अस्थायी रूप से टाल दिया है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि वैश्विक पूंजी बाजारों में कुछ स्थिरता आने के बाद वह सूचीबद्ध होने की प्रक्रिया को फिर से शुरू करेगी। हम प्रभावित सभी क्षेत्रों में जल्द शांति बहाल होने की उम्मीद करते हैं।

**मैमन फिर एटीएमए के चेयरमैन चुने गए (नई दिल्ली) :** वाहन टायर विनिर्माता संघ (एटीएमए) ने एमआरएफ लिमिटेड के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अरुण मैमन को फिर से एटीएमए का चेयरमैन चुना है। अन्य शीर्ष नेतृत्व बदलावों में, ब्रिजस्टोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजर्षि मोइत्रा को एटीएमए का नया वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया है।


**THE LOHARU CO-OP MARKETING SOCIETY L.T.D. LOHARU ANAJ MANDI LOHARU, LOHARU, DISTT. BHIWANI (HRY.)**

**सूचना**

दी लोहारू सहकारी विपणन समिति लि० लोहारू रबी 2026-27 की फसल PSS के अंतर्गत समिति को सरसों की खरीद लोहारू, ढिगावा, बहल व जूई मंडी में सरकारी आदेशानुसार करनी है। उसके लिए समिति को लेबर समिति या लेबर ठेकेदार की आवशकता है। इच्छुक लेबर समिति या लेबर ठेकेदार जो हैंडलिंग का कार्य करना चाहता है वह दी लोहारू सहकारी विपणन समिति लि० लोहारू में दिनांकः 20.03.2026 को अपना आवेदन दे सकता है। नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस को समिति के कार्यालय में देख सकता है। लेबर समिति का कार्य करने को प्राथमिकता दी जाएगी।

Sd/-Manager
The Loharu Co-oo. Markeling Society Ltd. Loharu
M.No. 7015595245

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF **Ms. Mansi Gaur**
Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur
**SAVITRI**
**VS.**
**GENERAL PUBLIC**
**CNR No. HRSOA0-000089-2026**
**CASE No. - SUUC/2/2026**
**Next Date:- 27-04-2026**

**It is prayed that a necessary Succession Certificate may kindly be granted to the applicant/ petitioner (Smt. Savitri widow of Bal Kishan Goswami, R/o Village Datauli, Tehsil Ganaur, Distt. Sonepat) to the estate/property/amount left by deceased Seema @ Seema Goswami.**
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**GENERAL PUBLIC**
**Village Datuali, Tehsil Ganaur, Distt. Sonepat, Haryana, India**

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) /respondent(s) should appear in person or through counsel on **27-04-2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat

Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur
Dated, this day of 07-03-2026

**दी अटेली सहकारी विपणन समिति लि० अटेली**
**Ph. No 9466886409**

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अटेली मंडी में सरसों कि सरकारी खरीद में कच्ची के कार्य के लिए लेबर की आवश्यकता है जो कुशल लेबर ठेकेदार दी अटेली सहकारी विपणन समिति लि० अटेली के माध्यम से ठेका लेने के इच्छुक हो वह दिनांक 24.03.2026 को सुबह 09:30 बजे तक अपना आवेदन जमा करें ! टेंडर फॉर्म प्रबंधक कमेटी के सामने सुबह 11:00 बजे खोले जायेंगे ! इच्छुक लेबर ठेकेदार / पैक्स / लेबर समिति किसी भी कार्य दिवस में समिति कार्यालय अनाज मंडी अटेली दिनांक 23.03.2026 सांय 04:00 बजे तक टेंडर फॉर्म तथा नियम व शर्ते प्राप्त कर सकते हैं**

**Manager**
**The Ateli Co-op. Marketing cum Processing Society Ltd. Ateli**

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | वार्ड नं. 10 महम में पंजाबी धर्मशाला गीता भवन का निर्माण (निविदा आईडी 2026_HRY_505049_1) | 13.03.2026 19.03.2026 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9992861958 secretarymcmeham@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/43873/1/88/6 दि. 16.03.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका नांगल चौधरी | वार्ड नं. 3 में मनोज से धारा सिंह के खेत तक और चैकमलिकपुर से गुंण और सुनील के मकान के सामने और संदीप के मकान के निकट। | बंद होने की तिथि 23.03.2026 | रु. 25.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812892869 secy-Nangal@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/43874/1/88/6 दि. 16.03.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका भुना (फतेहाबाद) | वार्ड नं. 3, भुना में बॉबी सरदार के मकान से जवाहर लाल के मकान तक, राजमल के मकान से अनिल सोनी तक, अमरजोत के मकान से फतेहाबाद रोड तक, हनुमान बिश्नोई के मकान से भगवानदास और अन्य के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण पुनर्निविदा + 3 कार्य। | 13.03.2026 20.03.2026 | रु.48,83,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 secy-bhuna@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/43881/1/88/6 दि. 16.03.26

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हैफेड जीन्द | NO.HAFED/DOJ/ ASSTT.(WH)/2884 DATED 11.03.2026 (2026_HBC_507695_1) | निविदा के नियम एवं शर्तों में संशोधनों की वजह से तिथि विस्तार 20.03.2026 तक अप. 4:00 बजे तक। | hafed.gov.in | 9050662919 dmhafedjind@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/43897/1/88/6 दि. 16.03.26


**आरईसी के अंतरिम लाभांश को निदेशक मंडल की मंजूरी(नई दिल्ली) :** सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लि. के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 32 प्रतिशत यानी 10 रुपये अंकित मूल्य के प्रत्येक शेयर पर 3.20 रुपये प्रति शेयर अंतरिम लाभांश को मंजूरी दी है। यह कंपनी का चालू वित्त वर्ष के लिए चौथा अंतरिम लाभांश है।

# सेंसेक्स 939 अंक चढ़ा और निफ्टी 23,400 अंक के पार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 939 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,400 अंक के पार निकल गया। प्रमुख कंपनियों के शेयरों में निचले स्तर पर लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 938.93 अंक यानी 1.26 प्रतिशत बढ़कर 75,502.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 75,805.27 अंक तक गया और नीचे में 73,949.76 अंक तक आया। वहीं 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 257.70 अंक यानी 1.11 प्रतिशत चढ़कर 23,408.80 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजार में कारोबार समाप्त होने से पहले तेजी आई। वाहन, बैंक और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में निचले भाव पर लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। निकट भविष्य में निवेशकों का रुख होर्मुज जलडमरूमध्य में होने वाले घटनाक्रमों पर निर्भर करेगा।

# देश में बेरोजगारी दर में मामूली गिरावट

**नई दिल्ली।** देश में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों के बीच कुल बेरोजगारी दर फरवरी में मासिक आधार पर मामूली घटकर 4.9 प्रतिशत रह गई। यह जनवरी में पांच प्रतिशत थी। सोमवार को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से यह जानकारी मिली। सर्वेक्षण के अनुसार, जनवरी, 2026 में बढ़ोतरी के बाद शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों के बीच बेरोजगारी दर फरवरी, 2026 में घटकर 6.6 प्रतिशत रह गई, जो दिसंबर, 2025 के 6.7 प्रतिशत के स्तर से भी कम है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह बेरोजगारी दर फरवरी, 2026 में 4.2 प्रतिशत पर स्थिर रही। फरवरी, 2026 में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं में कुल बेरोजगारी दर घटकर 5.1 प्रतिशत रह गई जबकि जनवरी, 2026 में यह 5.6 प्रतिशत थी। ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों में गिरावट देखी गई। शहरी महिलाओं की बेरोजगारी दर जनवरी, 2026 के 9.8 प्रतिशत से घटकर फरवरी, 2026 में 8.7 प्रतिशत रह गई, जबकि ग्रामीण महिलाओं की बेरोजगारी दर इसी अवधि में 4.3 प्रतिशत से घटकर चार प्रतिशत हो गई।


ऊपर वाले से मिला वरदान
मेरे पास है हर समाधान
करो प्रेमिका / पति मुट्ठी में
जो व्यक्ति वास्तव में परेशान है, वो ही फोन करें।
रजि.
गुरू कबीर जी
की जुबान पत्थर की लकीर है।
आपकी हर समस्या का समाधान
जैसे:- शादी, कारोबार, पढ़ाई में रुकावट, सास बहु, मिया बीवी में अनबन, सौतन, दुश्मन नाश, ग्रह क्लेश, बेटा / बेटी / पति - पत्नी किसी के वश में कहना न मानता हो, पशु, फसल में नुकसान, कोर्ट-कचहरी मुकदमा जैसी सभी समस्याओं का गारन्टीड समाधान। पाँच मिनट में समाधान
एक फोन करो समाधान पाओ
9711428545
स्पेशलिस्ट : वशीकरण, मनचाहा प्यार


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# भारत में एक साल में बढ़े 24 अरबपति, अब कुल संख्या बढ़कर हुई 229

नई दिल्ली। (एजेंसी)वर्ष 2026 में भारत का अरबपति क्लब एक नए मील के पत्थर पर पहुँच गया है। फोर्ब्स की फोर्ब्स वर्ल्ड की अरबपतियों की सूची के अनुसार अब भारत में 229 अरबपति हो गए हैं, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 205 थी। शेयर बाजार के मजबूत प्रदर्शन और कई नई कंपनियों की लिस्टिंग के कारण कई उद्यमियों की संपत्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भारत के शीर्ष 10 सबसे अमीर व्यक्तियों 2026 की सूची के अनुसार भारतीय अरबपतियों की कुल संपत्ति 1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो गई है, जबकि 2025 में यह लगभग 941 अरब डॉलर थी।

### मुकेश अंबानी भारत के सबसे अमीर व्यक्ति



मुकेश अंबानी वर्ष 2026 में भी भारत के सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं। वह एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति भी हैं। पिछले वर्ष के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में वृद्धि होने से उनकी संपत्ति में बढ़ोतरी हुई और उनकी शीर्ष स्थिति और मजबूत हुई। वर्तमान में उनकी कुल संपत्ति लगभग 100 अरब डॉलर के आसपास बताई जाती है।

### सावित्री जिंदल भारत की सबसे अमीर महिला



भारत के शीर्ष 10 सबसे अमीर व्यक्तियों 2026 की सूची में सावित्री जिंदल, जो ओपी जिंदल समूह की चेयरपर्सन हैं, तीसरे स्थान पर हैं। वह भारत की सबसे अमीर महिला बनी हुई हैं और देश के प्रमुख अरबपतियों में अपनी मजबूत स्थिति बनाए हुए हैं। यह सूची भारत के अरबपति समुदाय में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को भी दर्शाती है।

## राशिफल


**मेष** शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।


**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।


**मिथुन** अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।


**सिंह** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**कन्या** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के ववादों से बचने का प्रयास करें।


**तुला** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**वृश्चिक** घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**धनु** पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**मकर** परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।


**कुंभ** परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।


**मीन** वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## एआई-पावर्ड ट्रेडिंग एजेंट ने डेढ़ घंटे में बड़ी कमाई कर दी

# एआई का कमाल! शेयर बाजार में 11 लाख से बना दिए 40 लाख रुपये

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल आज हर क्षेत्र में हो रहा है। एआई से एक कदम आगे एआई एजेंट्स हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने दावा किया है कि एक एआई-पावर्ड ट्रेडिंग एजेंट ने कुछ ही घंटों में बड़ी कमाई कर दी। एक्स यूजर ओएक्स डिस्कवर के दावे के अनुसार उनके एआई एजेंट ने लगभग 12,000 डॉलर (करीब 11.08 लाख रुपए) के निवेश को रातों-रात 43,800 डॉलर यानी लगभग 40.47 लाख रुपए के मुनाफे में बदल दिया।

### एआई एजेंट ने भेजा था अलर्ट

यूजर ने बताया कि उनके ओपन क्लाव नाम के एआई एजेंट ने सुबह करीब 3:47 बजे अलर्ट भेजा और 90 मिनट में रिजॉल्व होने वाले छह प्रेडिक्शन मार्केट में 12,000 डॉलर लगाने की अनुमति मांगी। ट्रेडर ने अनुमति दे दी और दोबारा सो गए। बाद में जब वे उठे तो उनके खाते में लगभग 43,800 डॉलर का मुनाफा दर्ज था।

### सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस

यह दावा सामने आने के बाद एक्स पर बड़ी बहस छिड़ गई। कई यूजर्स ने पूछा कि आखिर किन मार्केट्स में ट्रेड किया गया था, जबकि कुछ ने कहा कि अगर यह सच है तो टाइम-जोन आधारित जानकारी की देरी मार्केट में अस्थायी अवसर पैदा कर सकती है। यह एआई एजेंट खास तौर पर पालीमार्केट पर टाइम-जोन आर्बिट्राज के अवसर खोजने के लिए बनाया गया था।


विज्ञापन संख्याः 02/2026

**केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**
संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित
56-57, संस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058
वेबसाइटः www.sanskrit.nic.in


**भर्ती की अधिसूचना**

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के द्वारा विभिन्न **गैर-शैक्षणिक (Non-Teaching)** पदों **[कुलसचिव-01, सहायक कुलसचिव-02. सिस्टम एनालिस्ट-03, अनुभाग अधिकारी-11, नर्सिंग ऑफिसर-03, सहायक-10, गेस्ट हाउस मैनेजर-03, कनिष्ठ अभियंता-03. निजी सहायक-03, प्रोफेशनल असिस्टेंट-04, तकनीकी सहायक (शिक्षाशास्त्र/एडुकेशन लैब)-03, तकनीकी सहायक (कंप्यूटर लैब)-04, आशुलिपिक-08, उच्च श्रेणी लिपिक-16. पुस्तकालय सहायक-01, कनिष्ठ श्रेणी लिपिक-35, चालक-01. मल्टी-टास्किंग स्टाफ-22, पुस्तकालय परिचारक-08 तथा मेडिकल अटेंडेंट ड्रेसर-03]** पर भर्ती के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित करता है। उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा, भर्ती प्रक्रिया, रिक्तियों का विवरण, आवेदन प्रक्रिया, परीक्षा योजना, चयन प्रक्रिया और अन्य आवश्यक विस्तृत विवरण विज्ञापन संख्या **02/2026** में उपलब्ध हैं जो विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.sanskrit.nic.in** पर **"Recruitment/Notification"** शीर्षक के अंतर्गत 16.03.2026 में देखा जा सकता है। सभी इच्छुक उम्मीदवारों को सख्त सलाह दी जाती है कि वे आवेदन भरने से पहले विस्तृत विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

दिनांकः 16.03.2026
CBC 21212/12/0007/2526

हस्ता./-
कुलसचिव (प्रभारी)


## *शब्द पहेली - 6167*




**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

*शब्द पहेली-6166 का हल*





*बजट सत्र के दूसरे फेज में सोमवार को लोकसभा में पहली बार प्रश्नकाल बिना किसी हंगामे के पूरा हुआ। इधर राज्यसभा में एलपीजी सिलेंडर के संकट को लेकर हंगामा हुआ। उधर लोकसभा में सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कुछ विपक्षी सांसदों ने अपने मुद्दे तुरंत उठाने की मांग की।*

## सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच तीखी बहस

# एलपीजी संकट के मुद्दे पर संसद में नहीं थम रहा बवाल

**खरगे बोले- सरकार को पता था तो इंतजाम क्यों नहीं किया केंद्र सरकार कालाबाजारी को नियंत्रण करने में नाकाम रही**

**नड्डा का पलटवार, कांग्रेस पर अराजकता फैलाने का लगाया आरोप कहा-संकट की घड़ी में भी विपक्ष; कांग्रेस आपदा में भी राजनीति कर रही**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देश में रसोई गैस (एलपीजी) की कथित कमी पर चिंता जताते हुए सोमवार को उच्च सदन में सरकार पर आरोप लगाया कि वह संकट को रोकने और कालाबाजारी पर नियंत्रण के लिए समय रहते कदम उठाने में नाकाम रही। इस पर सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा ने पलटवार करते हुए कहा कि विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस, संकट के समय सरकार के साथ खड़ा होने के बजाय देश में अराजकता फैलाने की कोशिश्श कर रहा है। उच्च सदन में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए खरगे ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण देश में एलपीजी का संकट पैदा हो गया तथा इसका असर गरीब और कमजोर वर्गों के साथ-साथ मध्यम वर्ग, आम परिवारों, रेस्तरां, छात्रावासों और व्यावसायिक उपयोगकर्ताओं पर भी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब पश्चिम एशिया में संघर्ष तेज हुआ था, तब सरकार ने भारतीय नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया था और तब से ही सरकार जानती थी कि ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो सकती है।



**किरेन रीजीजू बोले**

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि जब लोकसभा में पेट्रोलियम मंत्री ने इस मुद्दे पर स्थिति स्पष्ट की थी तब विपक्षी सदस्यों ने उनकी बात नहीं सुनी और अब वे इस मुद्दे को यहां उठा रहे हैं।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने की सदन में चर्चा कराने की मांग

खरगे ने कहा कि इसके बावजूद सरकार ने पहले से कोई तैयारी नहीं की, जिसके कारण अब देश के कई क्षेत्रों में समस्या पैदा हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस संकट ने सरकार के खराब प्रबंधन और त्रुटिपूर्ण विदेश नीति को उजागर कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी दावा किया कि कई जगहों पर एलपीजी सिलेंडर की कालाबाजारी हो रही है और एक सिलेंडर 5,000 रुपये तक में बेचा जा रहा है। खरगे ने कहा कि केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने हाल ही में लोकसभा में, देश में एलपीजी की कोई कमी नहीं होने का दावा किया था और लोगों को अफवाहों से दूर रहने की सलाह दी थी। उन्होंने इस मुद्दे पर सदन में चर्चा कराने की मांग भी की।

## विपक्ष के आठ सांसदों का निलंबन आज वापस लिए जाने की संभावना

**नई दिल्ली (भाषा)।** संसद के बजट सत्र के पहले चरण में सदन की अवमानना को लेकर लोकसभा से निलंबित किये गए आठ विपक्षी सदस्यों का निलंबन मंगलवार को वापस लिया जा सकता है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को सभी दलों के नेताओं के की एक बैठक बुलाई, जिसमें आठ विपक्षी सदस्यों का निलंबन वापस लेने पर सहमति बनी। सूत्रों के अनुसार, बैठक में यह भी सहमति बनी कि संसद की गरिमा और स्थापित परंपराओं का सभी के द्वारा पालन किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि यह भी निर्णय लिया कि कोई भी सदस्य सत्तापक्ष की तरफ या दूसरी तरफ नहीं जाएगा।

### एसआईआर पर नाराजगी जताई

विपक्षी सांसदों ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर नाराजगी जताई है और कई मौकों पर मतदाता सूची में कथित हेरफेर पर चिंता जताई है। विपक्षी नेता के अनुसार, लगभग 10 पृष्ठ वाले नोटिस में फरवरी, 2025 में राहुल गांधी द्वारा बतौर नेता प्रतिपक्ष प्रस्तुत एक असहमति नोट का जिक्र है।

## खबर संक्षेप

### आज से शुरू होगी नई एक्सप्रेस डिलीवरी सेवा

**नई दिल्ली।** इंडिया पोस्ट जल्द ही एक नई एक्सप्रेस डिलीवरी सेवा शुरू करने जा रहा है, जिसके तहत पार्सल और कंसाइनमेंट को 24 घंटे के भीतर पहुंचाया जाएगा। संचार मंत्रालय ने बताया कि डाक विभाग 17 मार्च को '24 स्पीड पोस्ट' सेवा शुरू करेगा, जिसका उद्देश्य जरूरी और समयबद्ध पार्सल की अगले दिन गारंटी के साथ डिलीवरी करना है।



### स्कूल में टॉवेल डांस वीडियो वायरल

**कोलकाता।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ स्कूली छात्राएं स्टेज पर बॉलीवुड के मशहूर गाने 'मेरे ख्वाबों में' पर टॉवल लपेटकर डांस करती नजर आ रही हैं। ये वीडियो कोलकाता के सीबीएसई प्राइवेट स्कूल के कार्यक्रम का है। कई यूजर्स इसे अनुचित ठहरा रहे हैं।




### राहुल गांधी मानहानि केस में सुनवाई टली

**हाथरस (उप्र)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व सांसद राहुल गांधी के खिलाफ हाथरस में दर्ज मानहानि मामले में अगली सुनवाई 13 अप्रैल को होगी। हाथरस के बूलगढ़ी प्रकरण में दोषमुक्त हो चुके युवकों को आरोपी बताने के मामले में न्यायाधीश दीपकनाथ सरस्वती की एमपी, एमएलए अदालत में वाद दायर किया गया है। सोमवार को सुनवाई होनी थी लेकिन अदालत के आज छुट्टी पर होने की वजह से सुनवाई नहीं हो सकी।

### गारो हिल्स परिषद प्रमुख ने इस्तीफा दिया

**शिलांग।** मेघालय में गारो हिल्स स्वायत्त जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी सदस्य अल्बिनुश आर मराक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। जिला परिषद के कुल 30 सदस्यों में से 21 सदस्यों द्वारा मराक पर अविश्वास प्रस्ताव पेश करने से पहले उन्होंने इस्तीफा दे दिया। एसटी प्रमाण पत्रों से संबंधित एक विवादास्पद अधिसूचना को लेकर गारो हिल्स क्षेत्र के कुछ हिस्सों में हिंसा भड़कने के कुछ दिनों बाद यह घटनाक्रम सामने आया।

*आयोग ने की विस चुनाव की तैयारियों की समीक्षा*

*कोलकाता पुलिस कमिश्नर समेत 6 अधिकारी बदले*

### आचार संहिता लागू होते ही चुनाव आयोग के ताबड़तोड़ एक्शन

# पश्चिम बंगाल में चुनाव से पहले मुख्य सचिव-डीजीपी को हटाया

## आयोग ने कहा-ये अफसर विस चुनाव से दूर रहेंगे

## अलोकतांत्रिक तरीके से हटायाः टीएमसी

भाषा ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद निर्वाचन आयोग ने सोमवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पीयूष पांडे और कोलकाता पुलिस आयुक्त सुप्रतिम सरकार को पद से हटा दिया। एक अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने आईपीएस के वरिष्ठ अधिकारी सिद्धनाथ गुप्ता को पांडे के स्थान पर पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया। आयोग ने अजय कुमार नंद को कोलकाता का पुलिस आयुक्त नियुक्त किया है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि राज्य में चुनाव तैयारियों की समीक्षा के बाद अधिकारियों को हटाने का फैसला किया गया। निर्वाचन आयोग ने राज्य सरकार को सिद्धनाथ गुप्ता को पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक (प्रभारी) नियुक्त करने का निर्देश दिया है, जबकि नटराजन रमेश बाबू को सुधार सेवाओं का महानिदेशक नामित किया गया है। इसके अलावा आयोग ने अजय मुकुंद रानाडे को अतिरिक्त महानिदेशक और आईजीपी (कानून और व्यवस्था) तथा अजय कुमार नंद को कोलकाता पुलिस आयुक्त के पद पर तैनात करने का आदेश दिया।



### आयोग ने सरकार से सोमवार अपराह्न 3 बजे तक अनुपालन रिपोर्ट पेश करने के दिए निर्देश

अधिकारी ने बताया कि आयोग ने आदेशों पर तत्काल अमल का निर्देश दिया और राज्य सरकार से सोमवार अपराह्न तीन बजे तक अनुपालन रिपोर्ट पेश करने को कहा। आयोग ने यह भी कहा कि जिन अधिकारियों को हटाया गया है उन्हें चुनाव समाप्त होने तक किसी भी चुनाव संबंधी कार्य में तैनात नहीं किया जाए। राज्य में विस चुनाव के लिए दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा और मतगणना चार मई को होगी।

**पांच राज्यों में चुनाव का ऐलान होने के बाद सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। इस बीच,आचार संहिता लागू होते ही चुनाव आयोग एक्शन मोड में आ गया है। बंगाल के प्रशासनिक इतिहास में अभूतपूर्व कदम उठाते हुए निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के शीर्ष नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों को हटा दिया। इधर, असम में पांच कलेक्टर का तबादला किया गया है।**

### असम में पांच डीईओ और एसएसपी बदले

**गुवाहाटी (भाषा)।** विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद निर्वाचन आयोग ने सोमवार को असम के पांच जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) और उतने ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों (एसएसपी) का तबादला कर दिया और राज्य के लिए एक विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किया। आयोग ने कोकराझार, माजुली, बक्सा, चिरांग और उदालगुड़ी के डीईओ को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित कर दिया है। आयोग ने असम के मुख्य सचिव रवि कोटा को भेजे गए एक पत्र में कोकराझार के डीईओ पंकज चक्रवर्ती की जगह डॉ. पी उदय प्रवीण, माजुली के रतुल पाठक की जगह सृष्टि सिंह और बक्सा के धीरज सऊद की जगह किम्नेई चांगसन को नियुक्त करने का आदेश दिया है।

### चुनाव से पहले अधिकारियों को हटाना महिला और बंगाल विरोधी सोच को दिखाता हैः ममता बनर्जी

**कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा के ठीक बाद राज्य के शीर्ष नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों के तबादलों को लेकर निर्वाचन आयोग पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आयोग और सत्तारूढ़ भाजपा को ₹महिला विरोधी और बंगाल विरोधी₹ करार दिया। राज्य में एलपीजी संकट के विरोध में निकाले गए मार्च के बाद मध्य कोलकाता के डोरिना क्रॉसिंग पर एक रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि भगवा खेमा जितने चाहे उतने अधिकारियों को बदल सकता है, लेकिन वे सरकार को नहीं बदल पाएंगे। बनर्जी ने निर्वाचन आयोग का जिक्र किये बिना कहा, ₹इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप बदले में किन अधिकारियों को नियुक्त करते हैं; वे सभी बंगाल के लिए काम करेंगे।'' बनर्जी ने कहा, ₹उन्होंने राज्य सरकार से परामर्श किए बिना, मुख्य सचिव और बंगाली महिला नंदिनी चक्रवर्ती को हटाने के लिए आधी रात का समय चुना।



### रातभर खंभे से बांधकर रखा

## महाराष्ट्र में विवाहिता का अपहरण कर किया दुष्कर्म

**महाराष्ट्र के बीड़ से एक बेहद खौफनाक घटना सामने आई**

एजेंसी ▶▶ बीड़

महाराष्ट्र के बीड़ जिले के पिंपलनेर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हिवरापहाड़ी गांव से एक बेहद खौफनाक और रूह कंपा देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक 17 साल की शादीशुदा युवती को उसके घर से अगवा कर उसके साथ दरिंदगी की गई। हैवानियत यहीं नहीं रुकी, आरोपियों ने अत्याचार के बाद पीड़िता को गांव की सार्वजनिक चावड़ी (चौपाल) के खंभे से बांध दिया और फरार हो गए। इस घटना ने पूरे जिले में आक्रोश पैदा कर दिया है। पीड़िता 10 मार्च की रात अपने पति के साथ घर में सो रही थी। गर्मी अधिक होने के कारण घर का दरवाजा खुला था। इसी का फायदा उठाकर गांव के ही वैभव गीताराम पटेकर नामक युवक ने रात करीब 3:00 बजे घर में प्रवेश किया। उसने पीड़िता का मुंह दबाया और जबरन उठाकर नदी के किनारे ले गया और वहां बलात्कार किया।

**सुबह होश आया तो मदद के लिए चिल्लाई**

*दुष्कर्म के बाद आरोपी पीड़िता को गांव के बीचों-बीच स्थित चावड़ी (चौपाल) पर ले आया। वहां उसने पीड़िता को एक खंभे से बांध दिया और खुद मौके से भाग निकला। पीड़िता बेहोशी की हालत में रात भर वहीं बंधी रही। सुबह जब गांव के लोग वहां जमा हुए, तब यह भयानक मंजर सामने आया। पीड़िता ने रोते हुए मदद की गुहार लगाई, लेकिन शुरुआत में कोई उसे बचाने आगे नहीं आया। अंततः सरपंच और पीड़िता के रिश्तेदारों ने मौके पर पहुंचकर उसे बंधनमुक्त किया।*

### दिल्लीः ट्रांसजेंडर डीटीसी बसों में कर सकेंगे फ्री यात्रा

**नई दिल्ली।** समावेशी और संवेदनशील शासन की दिशा में कदम बढ़ाते हुए दिल्ली सरकार ने एक अहम फैसला लिया है। सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सरकार ने दिल्ली परिवहन निगम और परिवहन विभाग द्वारा संचालित सभी बस मार्गों में ट्रांसजेंडर यात्रियों को मुफ्त यात्रा योजना में शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के तहत दिल्ली में रहने वाले पात्र ट्रांसजेंडर व्यक्ति अब डीटीसी की बसों और क्लस्टर बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगे। उन्हें वही सुविधा दी जाएगी, जो फिलहाल दिल्ली की बसों में महिला यात्रियों को मुफ्त यात्रा योजना के तहत मिल रही है।



### एपस्टीन के साथ नाम जोड़ने से खफा

## पुरी की बेटी ने मीडिया हैंडल्स पर किया 10 करोड़ का मानहानि केस

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी हिमायनी पुरी ने दिल्ली हाईकोर्ट में 10 करोड़ का मानहानि मुकदमा दायर किया है। उन्होंने कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ याचिका दायर कर अपने खिलाफ सोशल मीडिया पर प्रसारित सामग्री हटाने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि इंटरनेट पर कुछ पोस्ट, वीडियो और खबरों में उन्हें अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन और उसके नेटवर्क से जोड़कर दिखाया गया है। पुरी ने आरोप लगाया कि ये दावे झूठे, दुर्भावनापूर्ण और बिना किसी फैक्ट के हैं। उन्होंने अदालत से सोशल मीडिया कंपनियों को निर्देश देने की मांग की है कि ऐसे सभी मानहानिकारक कंटेंट को हटाया जाए।



**यह कहा आरोपों पर**

याचिका में यह भी कहा गया है कि 22 फरवरी 2026 से सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ कई आरोप लगाए गए, जिनमें दावा किया गया कि उनका एपस्टीन या उसके कारोबार से किसी तरह का संबंध है। पुरी ने आरोपों को पूरी तरह गलत और मनगढ़ंत बताया है। मामले की सुनवाई दिल्ली हाईकोर्ट में जल्द सूचीबद्ध होने की संभावना है।

### हरीश के लिए विशेष टीम बनाई गई

## एम्स ने पहली बार 'निष्क्रिय इच्छामृत्यु' प्रक्रिया शुरू की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एम्स-दिल्ली ने हरीश राणा को 'निष्क्रिय इच्छामृत्यु'की अनुमति देने वाले उच्चतम न्यायालय के फैसले को लागू करने के लिए प्रोटोकॉल शुरू कर दिया है। संबंधित सूत्रों का कहना है कि इस प्रक्रिया में लगभग दो से तीन सप्ताह लगेंगे। वर्ष 2013 से अचेत 31 वर्षीय हरीश को शनिवार को उनके गाजियाबाद स्थित घर से एम्स के डॉ. बीआर आंबेडकर इंस्टीट्यूट रोटरी कैंसर अस्पताल में प्रशामक देखभाल इकाई में स्थानांतरित कर दिया गया। इस प्रक्रिया को लागू करने के लिए, भारत में पहली बार, एनेस्थीसिया एवं पैलिएटिव मेडिसिन विभाग की प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. सीमा मिश्रा की अध्यक्षता में विशेष चिकित्सा टीम का गठन किया गया है।



### बेंगलुरूः कैफे वाले ने नींबू पानी के बिल में जोड़ा

## कैफे में लगा 'गैस क्राइसिस चार्ज'

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

मिडिल ईस्ट में ईरान और अमेरिका-इजरायल युद्ध के बीच ईंधन संकट का असर पूरी दुनिया में दिखने लगा है। भारत में भी गैस को लेकर बवाल मचा हुआ है, कई रेस्टोरेंट गैस की कमी की वजह से बंद हैं तो कुछ अब बिल में भी 'गैस क्राइसिस चार्ज' जोड़ने लगे हैं। हाल ही में एक कैफे के बिल में 'गैस संकट शुल्क' जोड़ने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एक्स (ट्विटर) और रेडिट पर वायरल हो रहे इस रसीद ने लोगों के बीच बहस छेड़ दी है। बेंगलुरु के थियो कैफे ने दो मिंट लेमनेड का बिल ग्राहक को दिया, जिसे देखकर ग्राहक भी हैरान रह गया।




**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप–135002 द्वारा फर्मो को निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदाओ के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:–

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 61257202A | EOT क्रेन 10 टन | 03 नग | 30 अप्रैल 2026 |

निविदा शर्ते–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं: 61257202A
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 881/26


### नई रिपोर्ट में हुए चौंकाने वाले कई बड़े खुलासे

*सतर्क और सावधान रहने की है ज्यादा जरूरत*

## भारत में डीपफेक मामलों में 900% उछाल महिलाओं को बनाया जा रहा है निशाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई रिपोर्ट के अनुसार भारत में डीपफेक कंटेंट तेजी से बढ़ रहा है और हाल के वर्षों में इसमें 900% की बढ़ोतरी हुई है। चौंकाने वाली बात यह है कि ऑनलाइन फैल रहे 90% से ज्यादा आपत्तिजनक डीपफेक वीडियो महिलाओं को निशाना बनाते हैं। तकनीकी कंपनी पाई-लैब्स की 2026 की रिपोर्ट में भारत में बढ़ते डीपफेक खतरे को लेकर गंभीर चेतावनी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले कुछ वर्षों में डीपफेक कंटेंट में करीब 900 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जिसे डिजिटल धोखे की महामारी बताया गया है। बता दें कि विशेषज्ञों ने लोगों को सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लोग अपनी हाई-क्वालिटी तस्वीरें और ऑडियो क्लिप्स सार्वजनिक रूप से कम साझा करें, क्योंकि यही डेटा एआई मॉडल के लिए "रॉ मटेरियल" बनता है। इसके अलावा सोशल मीडिया अकाउंट की प्राइवेसी सेटिंग्स मजबूत रखने और बॉट्स द्वारा डेटा स्क्रैपिंग से बचाव करने की भी सलाह दी गई है।



### हर कंटेंट पर नजर जरूरी

वायरल होने की दौड़ में जब सच्चाई पर हमला होता है, तो व्यक्ति विशेष ही नहीं बल्कि पूरा समाज शिकार बनता है। एआई जनित सिंथेटिक कंटेंट और अफवाहों के प्रसार में कब और क्या ट्रिगर हो जाए, किसी को पता नहीं होता। ऐसे में हर कंटेंट पर निगरानी जरूरी है, चाहे वह टेक टूल्स के जरिए हो, फिर कानूनी शिकंजे से। इंटरनेट मीडिया पर कंटेंट साझा करने की स्पीड इतनी तेज होती है कि कोई भी एल्गोरिदम कंटेंट को सेंसर करने या तथ्यों की सत्यतता जांचने के लिए अभी तक पूरी तरह सक्षम नहीं बन पाया है।

### महिलाओं की पहचान से की जा रही है छेड़छाड़

*रिपोर्ट में सामने आया कि इंटरनेट पर फैल रहे आपत्तिजनक डीपफेक कंटेंट में 90 प्रतिशत से अधिक मामलों में महिलाएं निशाना बनती हैं। जनरेटिव एआइ तकनीक का इस्तेमाल कर बिना सहमति के अश्लील तस्वीरें बनाना, इमेज मॉर्फिंग करना और पहचान से छेड़छाड़ जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं।*

### साइबर अपराध मामलों में भी बढ़ोतरी

*सरकारी आंकड़ों के अनुसार महिलाओं से जुड़े साइबर अपराध के मामलों में भी तेज वृद्धि हुई है। 2024 में ऐसे करीब 50 हजार शिकायतें दर्ज हुई थीं, जो 2026 तक बढ़कर करीब 80 हजार तक पहुंच गईं। यानी दो साल में लगभग 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।*

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सुचना संख्या ETrU-T-15-2025-26**

वरि. मंडल विद्युत अभियंता/क.वि./उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए ई–टेंडरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित करते है। इन निविदाओं को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शाई गई तिथि को 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in पर अपलोड किया जा सकता है। इनको 15:00 बजे के उपरांत तत्काल खोला जायेगा।

| क्रम सं0 | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा बंद/खुलने की तिथि | लगभग लागत | धरोहर राशि | कार्य पूरा करने की अवधि | वैधता अवधि | टेण्डर फॉर्म की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ETrU-T-15-2025-26 | 25 केवी एसी 50 हर्ट्ज ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग के संबंध में अंबाला मंडल में 20000 से अधिक टीवीयू वाले मानवयुक्त गैर–इंटरलॉक्ड 23 एल–जिंग गेटों की इंटरलॉकिंग हेतु कार्य। | 02.04.2026 | ₹3,45,43,673.41/- | ₹3,22,700/- | 09 महीने | 60 दिन | Downloading through IREPS portal-NIL, (₹10,000/- Sr.DEE/ TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए) |

1. निविदाकार को सभी जरुरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है। 2. निविदाकार के पास ई–निविदा में भाग लेने के लिए क्लास – III Digital Signature Certificate होनी चाहिए। 3. कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे। 4. कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागु हैं एवं इस प्रकार है: "Design, supply, erection, testing & commissioning of 50Hz, single phase 25 KV AC OHE". 5. टेंडर डॉक्यूमेंट एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जायें।

संख्या: ETrU-T-15-2025-26 दिनांक: 11.03.2026 878/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिंतन

# वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बनता जा रहा है युद्ध

दुनिया एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां युद्ध की लपटें केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रह जातीं, बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था को अपनी चपेट में ले लेती हैं। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव अब केवल कूटनीतिक या सैन्य संघर्ष नहीं रह गया है, बल्कि इसका सीधा असर आम आदमी की जेब और रसोई तक पहुंच गया है। यह युद्ध वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए धीरे-धीरे एक बड़े खतरे का रूप लेता जा रहा है। इतिहास गवाह है कि जब भी मध्य-पूर्व में संघर्ष बढ़ता है, तो उसका पहला और सबसे बड़ा असर ऊर्जा बाजार पर पड़ता है। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी इसका तात्कालिक परिणाम होती है। तेल महंगा होने का मतलब है परिवहन महंगा होना, उद्योगों की लागत बढ़ना और अंततः हर वस्तु की कीमत में वृद्धि। यही कारण है कि जैसे-जैसे इस युद्ध की आहट तेज हो रही है, वैश्विक बाजारों में अस्थिरता भी बढ़ती जा रही है। निवेशकों में घबराहट है, शेयर बाजार गिर रहे हैं और अर्थव्यवस्था की रफ्तार पर अनिश्चितता का साया गहरा रहा है। इस संकट का असर अब आम जनजीवन पर भी स्पष्ट दिखने लगा है। विमान किराए में अचानक बढ़ोतरी इसका एक उदाहरण है। इसी तरह रसोई गैस और कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। होटल और ढाबों में खाना भी महंगा हो गया है, क्योंकि कमर्शियल गैस की उपलब्धता कम हो रही है और कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। बाजार की स्थिति भी चिंता पैदा करने वाली है। शेयर बाजार में लगातार गिरावट से निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिन लोगों ने अपनी बचत और पूंजी बाजार में लगाई थी, वे अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रहे हैं। वैश्विक तनाव का असर केवल बड़े निवेशकों पर ही नहीं, बल्कि छोटे निवेशकों और मध्यम वर्ग पर भी पड़ रहा है। युद्ध का एक और बड़ा असर वैश्विक सप्लाई चेन पर पड़ता है। जब अंतरराष्ट्रीय व्यापार और परिवहन प्रभावित होते हैं, तो जरूरी सामानों की आपूर्ति बाधित हो जाती है। हाल के दिनों में इंडक्शन चूल्हों की मांग में 400 से 500 प्रतिशत तक बढ़ोतरी इसी का उदाहरण है। रसोई गैस की अनिश्चितता के कारण लोग वैकल्पिक साधनों की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन इनकी आपूर्ति भी सीमित है। चीन से कच्चा माल आने में लगभग 45 दिन का समय लगने के कारण बाजार में इनकी उपलब्धता तुरंत बढ़ पाना संभव नहीं है। महंगाई का यह दबाव केवल घरेलू स्तर तक सीमित नहीं रहेगा। थोक महंगाई दर में वृद्धि होने पर उसका असर खुदरा बाजार में भी दिखाई देता है। यानी रोजमर्रा की जरूरत की चीजें खाद्य पदार्थ, परिवहन, बिजली और अन्य सेवाएं सब कुछ महंगा हो जाता है। इसका सबसे ज्यादा असर गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ता है, जिनकी आय सीमित होती है, लेकिन खर्च लगातार बढ़ता चला जाता है। ऐसे समय में वैश्विक शक्तियों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। कूटनीति और संवाद के माध्यम से समाधान निकालना ही इस संकट से बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता है। यदि यह संघर्ष लंबा खिंचता है, तो न केवल ऊर्जा संकट गहराएगा, बल्कि वैश्विक आर्थिक मंदी का खतरा भी बढ़ सकता है। इसका असर विकासशील देशों पर सबसे ज्यादा पड़ेगा, जहां पहले से ही महंगाई और बेरोजगारी जैसी चुनौतियां मौजूद हैं। आज जरूरत इस बात की है कि विश्व समुदाय मिलकर इस युद्ध को रोकने की दिशा में ठोस कदम उठाए। शांति और स्थिरता ही वह आधार है जिस पर वैश्विक अर्थव्यवस्था टिक सकती है।



चुनाव

राज कुमार सिंह

# राष्ट्रीय राजनीति भी तय करेंगे विस चुनाव

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की रणभेरी बज गई है, लेकिन सबसे ज्यादा निगाहें पश्चिम बंगाल के चुनाव पर रहेंगी। कांग्रेस छोड़ अपनी अलग तृणमूल कांग्रेस बनाने वाली ममता बनर्जी वहां तीन बार से मुख्यमंत्री हैं। दिलचस्प समीकरण यह कि पहले सत्ता में रही कांग्रेस और फिर तीन दशक से भी ज्यादा सत्तारूढ़ रहा वाम मोर्चा अब बंगाल की राजनीति में हाशिये पर हैं, जबकि भाजपा मुख्य विपक्षी दल बन चुकी है। पिछले चुनाव में भी भाजपा ने बंगाल में बदलाव का माहौल तो बनाया था, लेकिन 294 सदस्यीय विधानसभा में 100 का आंकड़ा भी नहीं छू पाई, जबकि ममता की तृणमूल 215 सीटें जीत गई। दोनों दलों के मत प्रतिशत में भी 10 प्रतिशत का भारी अंतर रहा।

पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। चुनाव परिणाम इन पांच राज्यों में भावी सरकार का फैसला ही नहीं करेंगे, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति की दिशा भी बताएंगे। इन राज्यों का सत्ता संग्राम ज्यादा दिलचस्प इसलिए भी होगा, क्योंकि दो राज्यों में केंद्र में सत्तारूढ़ गठबंधन राजग की सरकारें हैं तो तीन में विपक्षी गठबंधन इंडिया की। सत्ता तो हर राज्य की महत्वपूर्ण होती है, पर सबसे ज्यादा निगाहें पश्चिम बंगाल के चुनाव पर रहेंगी। कांग्रेस छोड़ अपनी अलग तृणमूल कांग्रेस बनाने वाली ममता बनर्जी वहां तीन बार से मुख्यमंत्री हैं। दिलचस्प समीकरण यह कि पहले सत्ता में रही कांग्रेस और फिर तीन दशक से भी ज्यादा सत्तारूढ़ रहा वाम मोर्चा अब बंगाल की राजनीति में हाशिये पर हैं, जबकि भाजपा मुख्य विपक्षी दल बन चुकी है। पिछले चुनाव में भी भाजपा ने बंगाल में बदलाव का माहौल तो बनाया था, लेकिन 294 सदस्यीय विधानसभा में 100 का आंकड़ा भी नहीं छू पाई, जबकि ममता की तृणमूल 215 सीटें जीत गई। दोनों दलों के मत प्रतिशत में भी 10 प्रतिशत का भारी अंतर रहा।

बेशक तीन सीटों से 77 सीटों की छलांग कम चमत्कारिक नहीं, पर बहुमत का आंकड़ा 147 है। तमाम तिकड़मों के बावजूद भाजपा उसका आधा सफर ही तय कर पाई। दो सीटों से लड़ीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चर्चित नंदीग्राम सीट से शुभेंदु अधिकारी द्वारा हरा देना शायद भाजपा की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। कभी कांग्रेस, फिर तृणमूल कांग्रेस में रहे शुभेंदु बंगाल में भाजपा के सबसे बड़े नेता हैं। लगातार तीन कार्यकाल के बाद ममता और तृणमूल के विरुद्ध सत्ता विरोधी भावना की संभावना से इनकार नहीं, पर उसका चुनावी लाभ उठाने के लिए स्वीकार्य विश्वसनीय चेहरा और मजबूत संगठन तो चाहिए।

विशाल अल्पसंख्यक वोट बैंक तृणमूल कांग्रेस की बड़ी चुनावी ताकत है। इसीलिए भाजपा हिंदू मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने की कवायद करती रहती है। इस कवायद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सक्रियता से भाजपा अपने और तृणमूल के बीच के फासले को कितना तय कर पाएगी पश्चिम बंगाल का चुनाव परिणाम इस पर काफी निर्भर करेगा। पिछली बार मिल कर लड़े कांग्रेस और वाम मोर्चा इस बार अलग-अलग चुनाव मैदान में उतरेंगे। उनकी सीमित चुनावी भूमिका में यह देखना दिलचस्प रहेगा कि वे तृणमूल के अल्पसंख्यक वोट बैंक में सेंध लगाते हैं या फिर सत्ता विरोधी मतदाताओं में हिस्सा बंटा कर भाजपा को नुकसान पहुंचाते हैं। एक बात तय है कि यह चुनाव ममता और भाजपा, दोनों के लिए करो या मरो वाला रहेगा। ममता के लिए यह चुनाव सबसे चुनौतीपूर्ण होगा। इसलिए भाजपा के लिए बंगाल में सरकार बनाने का यह सबसे अनुकूल अवसर भी माना जा रहा है।

अगर ममता चौथी बार भी जनादेश पाने में सफल रहीं तो विपक्षी गठबंधन इंडिया के जरिये राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका को नजरअंदाज करना कांग्रेस के लिए मुश्किल हो जाएगा। तमिलनाडु की राजनीति अरसे तक



द्रमुक और अन्नाद्रमुक के बीच दो ध्रुवीय रही, लेकिन जयललिता के निधन के बाद वह संतुलन गड़बड़ा गया है। अन्नाद्रमुक के एकीकरण और उससे गठबंधन के जरिये भाजपा वहां सत्ता परिवर्तन की संभावनाएं तलाश रही है, लेकिन एम के स्टालिन सरकार के कार्यकाल में रह-रह सनातन धर्म और हिंदी भाषा को ले कर उठते रहे विवादों के बावजूद यह आसान नहीं लगता। हां, टीवीके नामक दल बना कर फिल्म अभिनेता से राजनेता बने थलापति विजय अगर बड़ी ताकत बन कर उभरे तो तमाम समीकरण गड़बड़ा सकते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर तो द्रमुक और कांग्रेस, इंडिया गठबंधन में शामिल हैं ही, तमिलनाडु में भी दोनों में पुराना गठबंधन है। अगर द्रमुक गठबंधन सत्ता बचाने में सफल रहा तो उससे राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन का भी मनोबल बढ़ेगा ही। अन्य क्षत्रपों की तरह एम के स्टालिन भी अपने बेटे उदयनिधि की ताजपोशी करना चाहते हैं, लेकिन उनकी राष्ट्रीय राजनीतक महत्वाकांक्षाओं का कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिला है। वैसे सनातन और हिंदी विरोधी छवि के मद्देनजर एम के स्टालिन के लिए राष्ट्रीय राजनीति की डगर आसान होगी भी नहीं। इंडिया गठबंधन भी उनसे जुड़े विवादों से बचना ही चाहेगा। अगर टीवीके की चुनावी मौजूदगी से गैर द्रमुक दलों की सत्ता संभावनाएं बनीं तो वह एक धुर दक्षिण भारतीय राज्य में भाजपा के लिए बिना टिकट खरीदे ही लॉटरी खुल जाने से कम नहीं होगा। पांच चुनावी राज्यों में भाजपा की जीत की सबसे बेहतर संभावनाएं असम में हैं। अरसे से घुसपैठ और जनसांख्यिकी परिवर्तन जैसे मुद्दों से घिरे रहे असम में लगातार दूसरी बार भाजपा सरकार है। पूर्व कांग्रेसी हिमंत बिस्वा सरमा ने पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा का जैसा विस्तार करवाया, उसके पुरस्कार स्वरूप उन्हें पिछले चुनाव के बाद असम का मुख्यमंत्री बनाया गया। भाजपा के लाड़ले हिमंत इस समय कांग्रेस ही नहीं, राहुल गांधी के भी सबसे मुखर आलोचक हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा को भाजपा में शामिल करवा कर हिमंत ने कांग्रेस को एक और बड़ा झटका चुनाव से ठीक पहले दिया। बेशक असम की राजनीति में गठबंधन आज भी निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा और कांग्रेस में से कौन बेहतर ढंग से चुनावी गठबंधन को अंजाम दे पाता है। राहुल के करीबी गौरव गोगोई के राजनीतिक भविष्य का फैसला भी काफी हद तक ये चुनाव कर देंगे।

केरल की दो ध्रुवीय राजनीति में भाजपा के लिए ज्यादा संभावनाएं हैं नहीं। बेशक वहां से लोकसभा चुनाव जीते अभिनेता गोपी केंद्र में मंत्री बनाए गए। हाल ही में कांग्रेस सांसद शशि थरूर के निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा अपना मेयर भी बनाने में सफल हो गई, लेकिन केरल की सत्ता की जंग अभी भी मुख्यतः वाम मोर्चा यानि एलडीएफ और कांग्रेसनीत मोर्चा यूडीएफ के बीच ही सिमटी है। कोई भी जीते, सत्ता इंडिया गठबंधन के पास ही रहेगी, लेकिन ध्यान रहे कि देश में केरल एकमात्र राज्य है, जहां वाम सत्ता बची हुई है। उस किले का ढ़हना वाम राजनीति पर विराम जैसा होगा। केंद्रशासित पुदुचेरी की राजनीति बहुत कुछ तमिलनाडु की तर्ज पर चलती है। पिछली बार पासा पलट गया, क्योंकि द्रमुक की दोस्त कांग्रेस का चुनावी प्रदर्शन बेहद लचर रहा। परिणामस्वरूप क्षेत्रीय दल एनआरकांग्रेस और भाजपा मिल कर सरकार बनाने में सफल हो गए। इस बार वहां गठबंधन की बिसात पर कौन कैसा प्रदर्शन करेगा, सत्ता का जनादेश उसी समीकरण पर निर्भर करेगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

ग्लोबल वार्मिंग

ऋतुपर्ण दवे




# क्यों मार्च का यह महीना माथे पर ला रहा पसीना?

इस बार मार्च में होने वाली तपन का अहसास फरवरी से ही होने लगा था, लेकिन इस बात का अंदेशा जरूर नहीं था कि गर्मी कई इलाकों में रिकॉर्ड तोड़ेगी। इसके पीछे प्राकृतिक कारणों से ज्यादा मानवीय कारण हैं, जिसके चलते जलवायु परिवर्तन का असर साफ-साफ दिखने लगा है। ज्यों ही फरवरी का वैश्विक तापमान 1.49 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज हुआ, मार्च को लेकर वैज्ञानिक चिंतित हो गए। हुआ भी वही। भारत के संदर्भ में देखें तो अभी से भीषण गर्मी की स्थिति मिश्रित जलवायु जोखिम की घटनाएं बन रही है। इसे कम्पाउंड क्लाइमेट रिस्क कहते हैं जो कई खतरनाक स्थितियों के चलते एक साथ, या एक के बाद एक लगातार उत्पन्न होती है। इसके ठीक उलट रात अपेक्षाकृत ठण्डी होती है और कई जगह दिन बहुत गर्म। यही सब मिलकर अत्याधिक विनाशकारी परिणामों का कारण बनते हैं। ऐसा लगता है कि अप्रैल-मई सा कहर अभी शेष बचे पखवाड़े में इसी मार्च दिखेगा। हालांकि भारत के मौसम विभाग (आईएमडी) ने मार्च के लिए अपने अनुमान में पहले ही साफ कर दिया था कि पश्चिमी हिमालय क्षेत्र, मध्य भारत और प्रायद्वीपीय में दिन का तापमान सामान्य से ज्यादा रह सकता है और गुजरात, मध्यप्रदेश व आंध्र प्रदेश में सामान्य से ज्यादा तेज गर्म हवाएं चलेंगी। दिल्ली में तो 7 मार्च को ही अधिकतम तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा जो बीते 50 वर्षों में पहली बार मार्च के पहले हफ्ते में इतना अधिक था, जबकि महानगर मुंबई भी बुरी तरह से गर्मी की चपेट में है यहां दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा है और लोग गर्मी से इस कदर बेचैन हैं कि भारत मौसम विज्ञान विभाग को सचेत करते हुए वहां ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी करना पड़ा। जबकि गुजरात के राजकोट और सुरेंद्रनगर में तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो देश में सबसे अधिक था। भारत के कई क्षेत्रों विशेषकर उत्तर-पश्चिमी राज्यों में मार्च की शुरुआत में ही अच्छी खासी गर्मी महसूस होने लगी। कई जगहों पर तापमान सामान्य से 8 से 13 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया। अमूमन ऐसी स्थिति को हीटवेव माना जाता है। हैरानी वाली बात यह है कि पहाड़ी ठंडे क्षेत्रों में पारा तेजी से बढ़ रहा है जो बेहद चिंताजनक है। इसी दौरान हिमाचल की राजधानी शिमला में भी तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। वहीं, राज्य के कांगड़ा, मंडी, कुल्लू और सोलन जिलों में जबरदस्त गर्मी की चेतावनी जारी की गई है, जबकि 15 मार्च तक बारिश का पूर्वानुमान है। बीता 8 मार्च पूरे राज्य में शुष्क मौसम के रूप में दर्ज हुआ, जबकि सुंदरनगर, धर्मशाला, सोलन और भुंतर में जबरदस्त गर्मी रही। अब प्रकृति का संतुलन कहें या बिगड़ा मिजाज दोनों देखने को मिल रहे हैं। उना की ऐसी ही मौसमी घटना चिंता बढ़ाने वाली है जहां दिन में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा जबकि कुकुमसेरी (लाहौल-स्पीति) में रात का तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अब यह गर्मी दुनिया भर में महज आंकड़े गिनाने तक सीमित नहीं रही बल्कि कई देशों में बाढ़, बारिश और भीषण तूफानों के रूप में भी लोगों के जीवन पर भारी पड़ रही है। जहां फरवरी में यूरोप और उत्तरी अफ्रीका के तमाम देशों में लगातार बारिश से शहर और गांव डूब गए वहीं ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में आई बाढ़ ने बड़ी जनसंख्या को बेघर कर दिया। फ्रांस, स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को में लगातार भारी बारिश से कई शहर और गांव डूब गए। सड़कों पर नदियां बहने लगीं, घरों में पानी भर गया और हजारों लोगों की जिंदगी और रोजी-रोजगार भी तबाह हो गए। इसकी वजह मौसम वैज्ञानिक बताते हैं कि सर्दियों में बारिश कम होती है तो पश्चिमी विक्षोभ यानी वेस्टर्न डिस्टरबेंस कम आते हैं जिससे जमीन सूखी रह जाती है और ऐसे हालातों में धूप जमीन पर पड़ते ही तेज गर्म होने लग जाती है। वहीं यदि बारिश होती तो जमीन नम रहती और भाप बनकर उड़ती जिस कारण गर्मी हौले-हौले बढ़ती, जो नहीं हुआ। मौसम के जानकार बताते हैं कि नवंबर 2025 से पर्याप्त वेस्टर्न डिस्टर्बेंस नहीं आए, जिसके चलते सर्दियों में बारिश-बर्फबारी कम हुई साथ ही समुद्र से नमीं लाने वाली हवाएं भी नहीं चलना, दूसरा बड़ा कारण बना। दरअसल, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस वो मौसम तंत्र होते हैं, जो पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ते हुए बारिश या बर्फबारी लाते हैं। ये सिस्टम भारत के लिए ईरान के आसपास के क्षेत्रों में बनते हैं और भूमध्य सागर से नमी लेकर भारत तक आते हैं। अच्छा होता कि वक्त रहते सजग हो जाते और पर्यावरण को बिगाड़ने का खेल रोक पाते जिससे मानव के अस्तित्व पर आए संकट को टाला जा सकता है वरना धीरे-धीरे वो दिन करीब आ रहा है जब डायनासोर की तरह कभी धरती पर इंसान भी आबाद था की ओर बढ़ रहे हैं। काश, इतना समझ पाते?

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अहिंसा के प्रयोग



संकलित

दर्शन

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो-अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए। वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं। जीवन में अहिंसा का मूल मंत्र सबसे उपयोगी तंत्र बन सकता है, व्यवस्था और जनता दोनों के हित में यही कारगर उपाय भी है।

## कद्दू का तीर्थ स्नान




संकलित

प्रेरणा

एक बार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगो का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहा-मैं तो आप लोगो के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाईए और जहां-जहां भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढार्थ पे गौर किये बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहां-जहां गए, स्नान किया वहां-वहां स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रिओ को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आये हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूपसे बनवायी गयी थी। सभी यात्रियों ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रियों को बोध हो गया कि हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है। हम भी एक कड़वे कद्दू जैसे कड़वे रहकर वापस आए है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

### जल संरक्षण के ठोस उपाय जरूरी

हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य पूरी दुनिया को यह याद दिलाना है कि पानी केवल एक प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन की मूलभूत आवश्यकता है। पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व जल पर ही निर्भर है। फिर भी आज मानव गतिविधियों के कारण जल संकट तेजी से गंभीर होता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1993 से शुरू किया गया यह दिवस दुनिया भर में मीठे पानी के महत्व को रेखांकित करने, जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सतत जल प्रबंधन को प्रोत्साहित करने का एक वैश्विक प्रयास है। पृथ्वी की सतह का लगभग 71 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढका हुआ है, लेकिन इसमें से केवल लगभग 2.5 प्रतिशत ही मीठा पानी है और उसमें भी बहुत कम मात्रा सीधे मानव उपयोग के लिए उपलब्ध है। जल संरक्षण निहायत ही जरूरी है।

*-कविता रानी, सोनीपत*

## करंट अफेयर

### किम ने बेटी के साथ रॉकेट प्रक्षेपण प्रणालियां देखीं


उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी बेटी के साथ बहु रॉकेट प्रक्षेपण प्रणालियों के परीक्षण का निरीक्षण किया। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। इसे अमेरिका और दक्षिण कोरिया के जारी सैन्य प्रशिक्षण के संभावित जवाब के रूप में देखा जा रहा है। उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों का जवाब देने की हाल में धमकी दी थी। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच 'फ्रीडम शील्ड' सैन्य अभ्यास जारी है। दोनों देश के संयुक्त सैन्य अभ्यासों को उत्तर कोरिया अपने ऊपर आक्रमण की तैयारी बताता रहा है। सरकारी 'कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने बताया कि किम ने शनिवार को उत्तर कोरिया के पूर्वी तट के पास 12 अति-सटीक 600 मिमी कैलिबर के रॉकेट प्रक्षेपकों के परीक्षण को देखा। दक्षिण कोरिया की सेना ने शनिवार को जानकारी दी थी कि उत्तर कोरिया ने शनिवार को पूर्वी सागर की ओर लगभग 10 बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने इन प्रक्षेपणों को ऐसा उकसावे वाला कदम बताया जो उत्तर कोरिया की किसी भी बैलिस्टिक गतिविधि पर रोक लगाने संबंधी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करता है।



## ऑफ बीट

### पार्किंसंस के लक्षण मर्दों व औरतों में होते हैं अलग

पार्किंसंस एक लगातार बढ़ने वाली बीमारी है जिसमें मस्तिष्क के 'सबस्टैंशिया नाइग्रा' नामक भाग में डोपामाइन नामक रासायनिक संदेशवाहक का उत्पादन करने वाली कोशिकाएं मरने लगती हैं। इसके साथ ही मस्तिष्क में कई अन्य परिवर्तन भी होते हैं। आमतौर पर इसे गति विकार माना जाता है। सामान्य मोटर लक्षणों में आराम की स्थिति में कंपन, धीमी गति (ब्रैडीकाइनेसिया), मांसपेशियों में अकड़न और संतुलन संबंधी समस्याएं शामिल हैं। लेकिन पार्किंसंस रोग में कई कम ज्ञात गैर-गतिशील लक्षण भी शामिल होते हैं। इनमें निम्नलिखित हो सकते हैं- मनोदशा में परिवर्तन स्मृति और संज्ञानात्मक क्षमता में कठिनाई (जिसमें धीमी गति से सोचना, योजना बनाने या एक साथ कई कार्य करने में चुनौतियां और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई शामिल है) नींद संबंधी विकार स्वायत्त तंत्रिका तंत्र की शिथिलता (जैसे कब्ज, निम्न रक्तचाप और मूत्र संबंधी समस्याएं)। हालांकि इन्हें कभी-कभी पार्किंसंस के 'अदृश्य' लक्षण कहा जाता है, लेकिन ये अक्सर गति विकार लक्षणों की तुलना में जीवन की गुणवत्ता पर अधिक नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। अध्ययन ने इस बात की पुष्टि की कि गैर-गतिशील लक्षण कितने आम हैं।



## ट्रेंड

### जन्मदिन की शुभकामनाएं



केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मोदी जी के नेतृत्व में आप जल संसाधनों के संरक्षण, प्रबंधन और हर घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करता हूँ। -**अमित शाह**, केंद्रीय गृह मंत्री

### ईरान से पूर्व निधारित समझौता नहीं



होर्मुज जलडमरूमध्य से भारतीय ध्वज वाले जहाजों के पारगमन के लिए भारत का ईरान के साथ कोई "पूर्व निर्धारित समझौता" नहीं है और प्रत्येक जहाज की आवाजाही एक अलग घटना है। भारत व तेहरान के बीच हुई बातचीत के बाद भारतीय ध्वज वाले दो टैंकर इस महत्वपूर्ण मार्ग से गुजर सके हैं। -**एस जयशंकर**, विदेश मंत्री

### जमीनी हकीकत अलग



पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया कि एलपीजी की कमी नहीं है, लेकिन जमीनी हकीकत सरकारी दावों को गलत साबित कर रही है। अगर सरकार समय रहते इंतजाम कर लेती, तो हालात इतने खराब नहीं होते।
-**मल्लिकार्जुन खरगे**, कांग्रेस, अध्यक्ष

### देश में ईंधन संकट का डर



प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर पैदा हो रहे संकट की पहले से जानकारी थी। इसके बावजूद सरकार ने ईरान के साथ अपने संबंधों को मजबूत नहीं रखा, जिसकी वजह से अब देश में एलपीजी की कमी और ईंधन संकट का डर पैदा हो गया है। -**संजय सिंह**, सांसद आप

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# सिनर ने मेदवेदेव को हराकर जीता इंडियन वेल्स खिताब, एरिना सबालेंका बनीं पहली बार चैंपियन

**इंडियन वेल्स।** यानिक सिनर ने दूसरे सेट के टाइब्रेकर में लगातार सात अंक बनाकर पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दानिल मेदवेदेव को 7-6, 7-6 से हराकर पहली बार एक भी सेट गंवाए बिना इंडियन वेल्स खिताब जीता । दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने मेदवेदेव को पिछले दस मुकाबलों में नौवीं बार हराया। मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को मात दी थी। वहीं महिला वर्ग में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने एलेना रिबाकिना को 3-6, 6-3, 7-6 से हराकर खिताब जीता। इससे पहले 2023 और 2025 में उपविजेता रही सबालेंका का यह पहला खिताब है।

## सिनर ने पूरे मैच में बनाए रखा दबदबा

कैलिफोर्निया के रेगिस्तानी मौसम में खेले गए इस मुकाबले में सिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा। उन्होंने मैच के दौरान 28 विनर्स और 10 ऐस लगाए तथा नेट पर खेले गए सभी आठ अंकों में सफलता हासिल की। पहला सेट काफी रोमांचक रहा। मेदवेदेव ने आक्रामक शुरुआत करते हुए सिनर पर लगातार दबाव बनाया और स्कोर 6-5 तक पहुंचाया, लेकिन सिनर ने वापसी करते हुए मुकाबले को टाईब्रेक तक पहुंचा दिया। टाईब्रेक में इतालवी खिलाड़ी ज्यादा सटीक साबित हुए और 7-6(6) से पहला सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। सिनर ने पांचवें गेम में बिना कोई अंक गंवाए ब्रेक लेकर 3-2 की बढ़त बनाई, लेकिन मेदवेदेव ने हार नहीं मानी और स्कोर 6-6 कर दिया, जिससे मैच एक और टाईब्रेक में पहुंच गया। टाईब्रेक में मेदवेदेव ने 4-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन सिनर ने शानदार वापसी करते हुए लगातार अंक हासिल किए और 7-4 से टाईब्रेक जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।

### जोकोविच-फेडरर के विशेष क्लब में सिनर शामिल

इस जीत के साथ सिनर इतिहास में ऐसे तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने सभी छह एटीपी मास्टर्स 1000 हार्ड-कोर्ट खिताब जीते हैं। इस उपलब्धि के साथ वह टेनिस के दिग्गज नोवाक जोकोविच और रोजर फेडरर के विशेष क्लब में शामिल हो गए। साल का यह उनका पहला खिताब है। इसके साथ ही वह 1990 के बाद पहले खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने लगातार दो मास्टर्स 1000 खिताब बिना एक भी सेट गंवाए जीते हैं। पेरिस में पिछले वर्ष जीते खिताब से शुरू हुई उनकी जीत की लय इस श्रेणी में 11 मैचों तक पहुंच गई है।



सिनर ने मेदवेदेव को पिछले दस मुकाबलों में नौवीं बार हराया

**मैंने लगातार विश्वास बनाए रखा : सिनर**


मैच के बाद सिनर ने कहा, मैं लगातार विश्वास बनाए रखता रहा और अपने शॉट्स खेलने की कोशिश करता रहा। अगर तीसरा सेट होता तो मुकाबला बराबरी से शुरू होता, इसलिए मैंने मैच खत्म करने की पूरी कोशिश की और इस जीत से बेहद खुश हूं।"



## सबालेंका ने रोमांचक मुकाबले में जीता मैच

यह मुकाबला बेहद रोमांचक रहा और निर्णायक सेट का फैसला टाईब्रेक में हुआ। गर्म मौसम में खेले गए इस मैच में सबालेंका ने तीसरे सेट में 5-4 पर जीत का मौका गंवा दिया था, लेकिन टाईब्रेक में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए बैकहैंड विनर के साथ मैच अपने नाम कर लिया।

**हेड-टू-हेड में सबालेंका को बढ़त :** यह दोनों खिलाड़ियों के बीच 16वां मुकाबला था, जिसमें अब सबालेंका 9-7 से आगे हो गई हैं। इससे पहले रिबाकिना ने 2025 के डल्ब्यूटीए फाइनल्स और इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में सबालेंका को हराया था। खिताब जीतने के बाद सबालेंका के पास जश्न मनाने के लिए ज्यादा समय नहीं है। उन्हें मियामी ओपन के लिए रवाना होना था, जहां वे डिफेंडिंग चैंपियन हैं। उन्होंने मजाक में कहा कि शायद फ्लाइट में एक-दो ड्रिंक के साथ जश्न मना लें, क्योंकि मियामी में खिताब बचाने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलना होगा। 27 वर्षीय सबालेंका ने अपने खिताबी सफर के दौरान छह मैच में सिर्फ एक सेट गंवाया। यह उनके 11 साल के प्रोफेशनल कॅरियर का 23वां एकल खिताब है। इनमें चार ग्रैंड स्लैम शामिल हैं। इसके अलावा उनके नाम छह युगल खिताब भी हैं।



सबालेंका ने रिबाकिना को 3-6 6-3 7-6 से दी मात

**मानसिक मजबूती बनी जीत की कुंजी : सबालेंका**

*मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि उनका लक्ष्य पूरे मुकाबले में मानसिक रूप से मजबूत बने रहना था। उन्होंने बताया कि चाहे परिस्थिति कैसी भी हो, उन्हें अपने बॉडी लैंग्वेज से यह दिखाना था कि वे लड़ाई जारी रखेंगी। सबालेंका के लिए यह समय खास रहा है।*

## खबर संक्षेप



### एफआईएच हॉकी नेशन कप में भाग लेगी महिला हॉकी टीम

**लुसाने।** भारतीय महिला हॉकी टीम न्यूजीलैंड के आकलैंड में 15 से 21 जून तक होने वाले एफआईएच नेशंस कप में भाग लेगी। हॉकी नेशंस कप की शुरुआत 2021 में हुई थी, जो हॉकी प्रो लीग से बाहर सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीमों का शीर्ष स्तरीय टूर्नामेंट है। इसमें विजयी टीम को अगले सत्र में प्रो लीग में जगह मिलती है। भारत के अलावा इसमें मेजबान न्यूजीलैंड, अमेरिका, जापान, कोरिया, चिली, स्कॉटलैंड और फ्रांस भी भाग लेंगे। पुरुषों का टूर्नामेंट केपटाउन में खेला जाएगा, जिसमें दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, फ्रांस, कोरिया, जापान, वेल्स, मलेशिया , आयरलैंड और स्कॉटलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट 11 से 20 जून तक खेला जाएगा।

### इंडियन ओपन को पीडब्ल्यूआर 1000 स्पर्धा के रूप में मान्यता

**नई दिल्ली।** भारतीय पिकलबॉल संघ (आईपीए) ने अप्रैल में हैदराबाद में होने वाले इंडियन ओपन के चौथे सत्र को पीडब्ल्यूआर 1000 स्पर्धा के रूप में मान्यता दी है। ग्लोबल स्पोर्ट्स की ओर से आयोजित इस टूर्नामेंट के पिछले तीन सत्र में सभी वर्गों में 19 देशों के चार हजार से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले चुके हैं। चौथे सत्र में 1500 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और 56 वर्गों में इसकी कुल इनामी राशि 50 हजार डॉलर है। आयोजकों ने कहा,'आईपीए से मंजूरी मिलने से उस व्यवस्था को वैधता मिल गई है,जिसकी भारतीय पिकलबॉल के पारिस्थितिकी तंत्र में कमी थी।'

### भारतीय क्रिकेट का दबदबा का समय आ गया : मिताली

**नई दिल्ली।** मिताली राज ने कहा है कि विश्व स्तर पर भारतीय क्रिकेट के दबदबे का उनका बरसों पुराना सपना सच हो रहा है जबकि पुरुष टीम, महिला टीम और जूनियर टीमों ने हाल ही के वर्षों में बड़े आईसीसी खिताब जीते हैं। पिछले कुछ साल में भारतीय पुरुष टीम ने 2024 और 2026 टी20 विश्व कप, महिला टीम ने पहला वनडे विश्व कप जीता। मिताली ने कहा,' मैं बरसों से चाहती थी कि भारतीय क्रिकेट का दबदबा हो और अब वह समय आ गया है।'



# हॉकी: नवनीत चार गोल दाग कर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनी, भारत को दिलाया वर्ल्ड कप का टिकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहबाद

हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी हॉकी स्टेडियम में खेले गये वल्ड कप क्वालीफायर में नवनीत कौर भारत की जीत की मुख्य सूत्रधार रहीं। नवनीत के अनुभव और गोल करने क कला ने न केवल को सिल्वर मैडल दिलाया बल्कि 2026 में होने वाले महिला हॉकी वल्ड कप में खेलने का टिकट भी दिलाया। भारतीय टीम की ओर से 4 गोल दाग कर व्लर्ड कप क्वालीफायर में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी बनी। भारतीय महिला हॉकी टीम की गोल्डन गर्ल नवनीत कौर ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उन्हें बड़े मैचों का खिलाड़ी क्यों कहा जाता है। हैदराबाद में खेले गए वर्ल्ड कप क्वालीफायर में भारत भले ही फाइनल में इंग्लैंड से हार गया हो लेकिन पूरे टूर्नामेंट में नवनीत का जलवा बरकरार रहा। उन्हें शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया है। नवनीत ने टूर्नामेंट में कुल 4 गोल दागे। वह टूर्नामेंट की टॉप स्कोरर की लिस्ट में तीसरे नंबर पर रहीं। वेल्स के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले में नवनीत ने हैट्रिक जमाकर भारत की जीत पर मुहर लगाई थी। नवनीत की बदौलत भारत ने फाइनल में पहुंचकर 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले वर्ल्ड कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर लिया है। फोन पर बातचीत में नवनीत ने कहा कि यह अवॉर्ड पूरी टीम की मेहनत का नतीजा है और उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय द्रोणाचार्य अवार्डी कोच बलदेव सिंह को दिया। नवनीत ने कहा उनका लक्ष्य सिर्फ टीम को जीत दिलाना था। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनना गर्व की बात है लेकिन असली खुशी इस बात की है कि भारतीय टीम ने वल्ड कप का टिकट हासिल कर लिया। नवनीत ने कहा कि टीम का लक्ष्य 2026 में वल्ड कप के दौरान मेडल जीतना है। हरियाणा के शाहबाद मार्कंडा की रहने वाली नवनीत कौर ने फिर साबित किया कि क्यों इस छोटे से शहर को हॉकी की फैक्ट्री कहा जाता है। 30 साल की उम्र में भी उनकी फिटनेस और ड्रिबलिंग युवाओं को मात दे रही है।



हरियाणा के शाहबाद मार्कंडा की रहने वाली नवनीत ने कहा वर्ल्ड कप में जीतेंगे गोल्ड



## चिन्नास्वामी स्टेडियम में होंगे आईपीएल मैच

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार ने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में इस साल होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैचों की मेजबानी करने की औपचारिक मंजूरी दे दी। इसके साथ ही इस स्टेडियम में आईपीएल मैचों के आयोजन को लेकर पिछले लंबे समय से चली आ रही अनिश्चितता भी समाप्त हो गई। पिछले साल आरसीबी के चैंपियन बनने के बाद यहां आयोजित किए गए समारोह के दौरान मची भगदड़ में कुछ लोगों की जान चली गई थी। आईपीएल 28 मार्च से शुरू होगा, जिसमें मौजूदा चैंपियन आरसीबी उद्घाटन मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करेगा। यह मैच पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। केएससीए के प्रवक्ता विनय मृत्युंजय ने कहा, 'बैठक के दौरान विशेषज्ञ समिति ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में की गई तैयारियों और उपायों के संबंध में रिपोर्ट पेश की।

क्रिकेट

# सूर्या ने कहा- टी-20 में हाथ सेट, टेस्ट की ख्वाहिश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सूर्यकुमार यादव का कहना है कि वह टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं, वनडे क्रिकेट उन्हें रास नहीं आता, लेकिन टी20 उनकी ताकत है क्योंकि ''उसमें उनका हाथ सेट हो गया है।' सूर्यकुमार ने कहा, 'आपकी किस्मत में जो लिखा होता है, आपको वही मिलता है। मैंने भी लाल गेंद से क्रिकेट खेलना शुरू किया था और 10-12 साल तक रणजी ट्राफी खेली। मैंने मुंबई में लाल गेंद से बहुत क्रिकेट खेली है क्योंकि अगर आप मुंबई में पले बढ़े होते हैं तो आप लाल गेंद से ही शुरुआत करते हैं, इसलिए सब कुछ लाल गेंद के इर्द-गिर्द ही घूमता है।' उन्होंने कहा, 'लेकिन धीरे-धीरे जब हमने सफेद गेंद से क्रिकेट खेलना शुरू की तो मेरा झुकाव थोड़ा उसकी तरफ हो गया। इसके बाद मैं इस प्रारुप (टी20) में दिलचस्पी लेने लगा। मैंने वनडे (50 ओवर की क्रिकेट) में भी अच्छा खेलने की बहुत कोशिश की लेकिन कुछ खास नहीं कर पाया।' भारतीय कप्तान ने कहा, 'टी20 क्रिकेट में जैसा चल रहा था, उसमें अपना हाथ सेट हो गया है, ऐसा बोल सकते हैं।'



## न्यूजीलैंड को झटका, साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच नहीं खेलेंगे जैकब्स

**हैमिल्टन।** न्यूजीलैंड को साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के बीच झटका लगा है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने बताया कि बल्लेबाज बेवन जैकब्स घुटने में चोट लगने के कारण सेडन पार्क में साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच से बाहर हो गए हैं। बेवन जैकब्स की जगह ब्लैककैप्स टीम में कैटेन क्लार्क को शामिल किया जाएगा। क्लार्क को पहले डेन क्लीवर, जेडन लेनोक्स और टॉम लैथम के साथ चौथे और पांचवें टी20 मुकाबलों के लिए न्यूजीलैंड की टीम में शामिल किया जाना था। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा, पहले टी20 मैच के दौरान फील्डिंग करते समय जैकब्स अपने बाएं घुटने के बल गिर गए थे, जिसके बाद उन्हें मैदान से बाहर ले जाना पड़ा। स्कैन से पता चला कि उनके घुटने के किनारे की हड्डी में चोट (बोन बूजिंग) लगी है। जैकब्स के दोबारा खेलने के समय का पता लगाने के लिए अभी और जांच की आवश्यकता है। न्यूजीलैंड ने बे ओवल में खेले गए सीरीज के पहले मैच को 7 विकेट से गंवा दिया था।



# ऑरलियन्स मास्टर्स : आयुष और तन्वी करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई, प्रणय हटे

एजेंसी ⏭ ऑरलियन्स

एचएस प्रणय के कंधे की चोट के कारण टूर्नामेंट से हटने के बाद युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी और तन्वी शर्मा मंगलवार से शुरू होने वाले 250,000 अमेरिकी डॉलर इनामी ऑरलियन्स मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे।

प्रणय को पहले दौर में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीयता प्राप्त चाउ टिएन चेन से भिड़ना था, लेकिन पिछले सप्ताह बासेल में स्विस ओपन के दौरान उनके कंधे में काफी दर्द हो गया था, जिसके कारण उन्हें इस टूर्नामेंट से हटना पड़ा। उन्होंने कहा, 'मुझे तब कंधे में दर्द का कारण पता नहीं था और इसलिए मैंने टूर्नामेंट से नाम वापस लेने और स्वदेश लौटने का फैसला किया।



### शेट्टी करेंगे ली चिया हाओ के खिलाफ अभियान की शुरुआत

उनकी अनुपस्थिति में सभी की निगाहें आठवीं वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 25वें नंबर के खिलाड़ी आयुष शेट्टी पर टिकी होंगी। वह चीनी ताइपे के ली चिया हाओ के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी और वर्तमान में 30वें स्थान पर काबिज किदाम्बी श्रीकांत का सामना डेनमार्क के मैग्नस जोहानसेन से होगा जबकि स्विस ओपन में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाले थारुन मन्नेपल्ली अपने पहले मैच में चीनी ताइपे के वांग त्जु वेई से भिड़ेंगे। विश्व रैंकिंग में 42वें स्थान पर काबिज किरण जॉर्ज का सामना जापान के तीसरे वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोटो से होगा।

## टीसीएस वर्ल्ड 10के में हिस्सा लेंगे किबेट और एड्रिस

*बेंगलुरु। युगांडा के हार्बर्ट किबेट और इथियोपिया के 5000 मीटर में दो बार के विश्व चैंपियन मुख्तार एड्रिस 26 अप्रैल को होने वाली टीसीएस वर्ल्ड 10के (10 किमी) बेंगलुरु प्रतियोगिता के मुख्य आकर्षण होंगे। इस प्रतियोगिता को विश्व एथलेटिक्स से गोल्ड लेवल का दर्जा हासिल है। इसकी कुल पुरस्कार राशि 210000 अमेरिकी डॉलर है। इसमें पुरुष और महिला वर्ग में विजेता रहने वाले खिलाड़ी को 26000 अमेरिकी डॉलर के अलावा कोर्स रिकॉर्ड बनाने पर बोनस धनराशि भी मिलेगी। पुरुष वर्ग में किबेट पर सबकी नजर रहेगी। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने दो साल पहले विश्व जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई थी। किबेट उन पांच एथलीटों में से एक हैं, जिन्होंने इस साल 27 मिनट से कम समय में 10 किमी की दौड़ पूरी की है। इस प्रतियोगिता में 5000 मीटर में दो बार के विश्व चैंपियन एड्रिस भी अपनी कड़ी चुनौती पेश करेंगे।*




ला लीगा : राफिन्हा की शानदार हैट्रिक

# बार्सिलोना ने दिखाया आक्रामक खेल, सेविला को हराया

एजेंसी ⏭ मैड्रिड

ब्राजीलियाई विंगर राफिन्हा की शानदार हैट्रिक की बदौलत बार्सिलोना ने सेविला को 5-2 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में शीर्ष स्थान पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। बार्सिलोना के कोच हंसी फ्लिक ने आगामी चैंपियंस लीग मुकाबले को ध्यान में रखते हुए युवा स्टार लैमिन यामल और फर्मिन लोपेज को मैच में नहीं उतारा था। इसके बावजूद बार्सिलोना ने शुरुआत से ही मैच पर नियंत्रण बना लिया और आक्रामक खेल दिखाया। मैच के सातवें मिनट में ही बार्सिलोना को पहली पेनल्टी मिल गई, जब सेविला के डिफेंडर ने पेनल्टी बॉक्स के अंदर जोआओ कैंसेलो की शर्ट खींच ली। राफिन्हा ने इस मौके का पूरा फायदा उठाते हुए टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। कुछ ही देर बाद कैंसेलो के बॉक्स में शानदार रन के दौरान सेविला के खिलाड़ी से हैंडबॉल हो गया, जिसके बाद मिली दूसरी पेनल्टी को भी राफिन्हा ने गोल में बदल दिया और स्कोर 2-0 कर दिया।




### राफिन्हा ने टीम को दिलाई बढ़त

पहले हाफ के 38वें मिनट में डैनी ओल्मो ने मार्क बर्नाल की सहायता से बार्सिलोना का तीसरा गोल किया। हालांकि इंजरी टाइम में सेविला के खिलाड़ी ओसो ने एक गोल करके अंतर थोड़ा कम कर दिया और हाफटाइम तक स्कोर 3-1 रहा। दूसरे हाफ की शुरुआत में ही राफिन्हा ने अपना तीसरा गोल करते हुए हैट्रिक पूरी कर ली और टीम की बढ़त 4-1 कर दी। इसके बाद जोआओ कैंसेलो ने शानदार प्रयास करते हुए बॉक्स के अंदर से बार्सिलोना का पांचवां गोल दागा। मैच के अंतिम क्षणों में सेविला के जिब्रिल सो ने हेडर के जरिए टीम का दूसरा गोल किया, लेकिन तब तक मैच में उनकी हार तय हो चुकी थी। बार्सिलोना ने 5-2 से शानदार जीत हासिल की।

होर्मुज मार्ग खुलवाने के लिए ट्रंप को सहयोग करने से सभी देशों ने किया इनकार

# होर्मुज संकट से नाटो में दरार! दुनिया में अकेले पड़े ट्रंप ने मदद नहीं मिलने पर सहयोगी देशों को दे डाली चेतावनी

**चीन, आस्ट्रेलिया ने ट्रंप को दिया करारा जवाब कहा नहीं देंगे साथ**

**अमेरिकी राष्ट्रपति ने सैन्य हथियार निर्माण कंपनियों के संग की बैठक**

**अमेरिका में भी ट्रंप का जमकर हो रहा है विरोध, उठ रहे गंभीर सवाल**


एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और होर्मुज जलडमरूमध्य के बाधित होने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर चौतरफा दबाव पड़ रहा है। एक तरफ पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजराइल के ठिकानों पर ईरानी हमले जारी हैं। वहीं दूसरी तरफ ट्रंप घरेलू मोर्चे पर भी घिरते जा रहे हैं। अमेरिका का एक बड़ा तबका इस संघर्ष के खिलाफ है। हैरानी की बात ये है कि इस मुश्किल समय में भी ट्रंप को अपने सहयोगी नाटो देशों की मदद नहीं मिल पा रही है। यही वजह है कि ट्रंप ने सहयोगी देशों को चेतावनी दी है कि नाटो समूह का भविष्य अच्छा नहीं है। एक इंटरव्यू के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने नाटो के सहयोगी देशों को साफ संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से फायदा लेने वाले देशों को इसकी सुरक्षा की भी जिम्मेदारी उठानी चाहिए। ट्रंप ने कहा, यह बिल्कुल ठीक है कि होर्मुज से फायदा लेने वाले देश ये सुनिश्चित करें कि वहां कुछ भी गलत न हो। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा, अगर कोई कुछ नहीं करता या मदद नहीं करता तो मुझे लगता है कि यह नाटो के भविष्य के लिए बहुत बुरा होगा।

ट्रंप ने कहा, हमें यूक्रेन के मामले में उनकी मदद की जरूरत नहीं पड़ी। अब देखते हैं कि वे हमारी मदद करते हैं या नहीं, क्योंकि मैं लंबे समय से कहता आ रहा हूं कि हम उनके साथ खड़े रहेंगे, लेकिन वे हमारे साथ नहीं खड़े रहेंगे। गौरतलब है कि ट्रंप होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में बारूदी सुरंगों को साफ करने के लिए युद्धपोतों की तैनाती की मांग कर रहे हैं। हाल ही में भी मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा था हम नाटो के लिए हमेशा तत्पर हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि कौन सा देश होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने में हमारी मदद करेगा। पश्चिम एशिया संकट को लेकर अमेरिका फंसता नजर आ रहा है।

## चीन ने अमेरिका को चेताया कहा-अमेरिका तुरंत रोके सैन्य अभियान



एआई इमेज

### ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ने की आशंका

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य पर संकट के बीच चीन ने सभी देशों से तुरंत सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की है। यह बयान ऐसे समय आया है जब ट्रंप ने चीन सहित कई देशों से अपील की है कि वे अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग को सुरक्षित रखने के लिए अपने युद्धपोत तैनात करें। ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच बढ़ते टकराव के कारण दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक व्यापार पर गंभीर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में मीडिया से बातचीत में कहा कि सभी पक्षों को तुरंत सैन्य अभियान रोकना चाहिए, ताकि हालात और ज्यादा खराब न हों।

### हमें नहीं पता मोजतबा जिंदा हैं या नहीं: ट्रम्प

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि बहुत से लोग कह रहे हैं कि मोजतबा खामेनेई बुरी तरह से घायल हो गए हैं, कि उन्होंने अपना एक पैर खो दिया है। कुछ अन्य लोग कह रहे हैं कि उनकी मौत हो चुकी है। कोई भी यह नहीं कह रहा है कि वह सौ प्रतिशत स्वस्थ है। उन्होंने कोई बात नहीं की है। एक अयातुल्ला अपनी गद्दी पर बैठकर जहर उगलता था। हमने उन्हें बिल्कुल भी नहीं देखा है। हमें नहीं पता कि वह जिंदा हैं या नहीं। ट्रम्प ने कहा कि जब यह सब खत्म हो जाएगा, तो तेल की कीमतें बहुत तेजी से नीचे आ जाएंगी। आप पिछले 50 सालों के सबसे हिंसक और क्रूर देश को परमाणु हथियार रखने नहीं दे सकते, क्योंकि, मध्य पूर्व खत्म हो जाएगा, इजराइल तो पक्का खत्म हो जाएगा।

## राजदूत ने कहा-ईरान की जमीन पर कब्जे का इरादा नहीं



भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने सोमवार को एक बहुत महत्वपूर्ण बयान दिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि न तो अमेरिका और न ही ईरान की जमीन पर कब्जे का इरादा नहीं का ईरान पर हमला करने का इरादा है और वे ईरान की जमीन पर सैन्य कब्जा भी नहीं करना चाहते। राजदूत ने बताया कि उनका असली मकसद ईरान के अंदरूनी हालात में सुधार लाना है। वे चाहते हैं कि ईरान की जनता खुद अपनी सरकार पर नीतियों को बदलने के लिए दबाव बनाए।

### ईरान में भारतीयों के लिए एडवाइजरी बिना हमें बताए बॉर्डर पार न करें

ईरान में रह रहे भारतीयों के लिए तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने सोमवार को एक नई एडवाइजरी जारी की है। इसमें भारतीय नागरिकों को सख्त सलाह दी गई है कि वे दूतावास को बिना बताए ईरान की सीमा पार करने की कोशिश न करें।

### ईरान ने दुबई एयरपोर्ट पर फिर किया हमला

ईरान ने एक बार फिर से संयुक्त अरब अमीरात के बड़े शहर दुबई पर हमला किया है। ईरान वे एक बार फिर से दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट को निशाना बनाया। इस बार ईरान का विस्फोटकों से भरा ड्रोन दुबई एयरपोर्ट के करीब बड़े फ्यूल टैंकर से टकराया जिसके बाद वहां जोरदार धमाका हुआ और देखते ही देखते वहां भीषण आग की लपटें उठने लगीं। ये हमला ठीक तब हुआ, तब एक दिन पहले ही यूएई की सरकार ने दुनिया को ये दिखाने और जताने की कोशिश की थी कि दुबई अभी भी दुनिया का सबसे सुरक्षित शहर है। दुबई की इस छवि को बचाने के उनके डैमेज कंट्रोल की कोशिशों को ईरान ने फिर से नाकाम कर दिया। दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के करीब ईंधन से भरे विशाल टैंकर से ड्रोन के टकराते ही वहां जोरदार धमाका हुआ, जिससे वहां भीषण आग लग गई।

### ईरान में जासूसी के आरोप में 500 गिरफ्तार



इजरायल-अमेरिका के साथ जारी जंग के बीच ईरान अपने यहां कथित जासूसी नेटवर्क और सूचना लीक करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई शुरू कर दी है। ईरान के पुलिस प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल अहमद रेजा रादान ने कहा है कि देश की पुलिस बलों ने अमेरिका-इजरायल युद्ध के दौरान दुश्मनों के साथ सूचना साझा करने के आरोप में 500 लोगों को गिरफ्तार किया है। ईरानी मीडिया के मुताबिक, रविवार को एक टेलीविजन इंटरव्यू में बोलते हुए रादान ने कहा कि हिरासत में लिए गए 250 लोगों की पहचान महत्वपूर्ण मामलों के रूप में की गई है, जिन्होंने दुश्मन को जानकारी दी थी और हमले के स्थानों की फुटेज लेकर और उन्हें भेजकर छोटे समूहों के साथ सहयोग किया था।

### भारत ने होर्मुज के पास युद्धपोत तैनात किए

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच होर्मुज स्ट्रेट के आसपास भारत के युद्धपोत तैनात करने की खबर है। सूत्रों के हवाले से बताया है कि भारतीय नौसेना ने दो टास्क फोर्स तैनात किए हैं, जो होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत आने वाले व्यापारी जहाजों और तेल-गैस टैंकरों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। इन युद्धपोतों का काम फारस की खाड़ी से भारत की ओर आ रहे जहाजों को सुरक्षित रास्ता देना और जरूरत पड़ने पर सहायता उपलब्ध कराना है। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारतीय नौसेना के जहाज पहले से ही इस क्षेत्र में ऑपरेशन संकल्प के तहत निगरानी कर रहे हैं और भारत आने वाले जहाजों को सुरक्षा दे रहे हैं। ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने पूर्व इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) कमांडर मोहसिन रजाई को अपना सैन्य सलाहकार नियुक्त किया है। ईरान की सेमी-ऑफिशियल मेहर न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक रजाई को सुप्रीम लीडर के सैन्य सलाहकार के रूप में नियुक्त किया है।

**खबर संक्षेप**

### लेह की सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब, राज्य का दर्जा देने की मांग




**लेह।** लद्दाख में छठी अनुसूची लागू करने और राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर लेह में एक शांतिपूर्ण रैली आयोजित की गई। इस रैली में लगभग 50 हजार लोगों ने भाग लिया। रैली में विभिन्न धर्मों के धार्मिक नेताओं और अलग-अलग समुदायों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने लद्दाख की एकता और सामूहिक समर्थन को दर्शाया। रैली की शुरुआत सिंगे नामग्याल चौक से हुई, जो आगे बढ़ते हुए लेह पोलो ग्राउंड तक पहुंची। इस दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में पंपलेट और तख्तियां लेकर छठी अनुसूची लागू करने और लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग की।

# भारतीय झंडे वाले जहाजों को निकालने के लिए कोई समझौता नहीं: जयशंकर

**केवल अमेरिका-इजराइली जहाजों के लिए होर्मुज बंद**

**जयशंकर ने कहा - यह अदला-बदला का मुद्दा नहीं**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिम एशिया में 17 दिन से जारी संघर्ष ने वैश्विक तेल बाजार को हिला कर रख दिया है। इसका बड़ा असर हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर देखने को मिला, जिसके चलते दुनियाभर की तेल आपूर्तियों संकट के बादल तक दिखने लगे। इसी तनावपूर्ण स्थिति के बीच भारत ने कूटनीतिक कदम उठाया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि भारत ईरान के साथ सीधे और निर्णायक संवाद कर रहा है, जिससे भारतीय ध्वज के साथ जहाजों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो रहा है। जयशंकर ने इस बात पर भी जोर दिया कि ईरानी अधिकारियों के साथ सीधे संवाद ने सकारात्मक परिणाम दिए हैं। इसके तहत अभी कई और भारतीय ध्वज वाले जहाजों को होर्मुज जलमार्ग से गुजरना बाकी है। इंटरव्यू में जयशंकर ने स्पष्ट किया कि हर भारतीय जहाज को व्यक्तिगत रूप से अनुमति दी जा रही है और इसके लिए भारत और ईरान के बीच कोई नया समझौता नहीं हुआ है। इस दौरान जयशंकर ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारतीय ध्वज वाले जहाजों के सुरक्षित आवागमन के बदले ईरान को भारत की तरफ से कोई लाभ नहीं दिया गया। उनका कहना था कि भारत और ईरान के बीच पुराना सहयोग रहा है, इसी आधार पर हमने यह कदम उठाया। यह कोई लेन-देन का मामला नहीं है। ईरान ने दो भारतीय झंडाधारी एलपीजी वाहनों को हॉर्मुज से गुजरने की अनुमति दी थी। यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेसीयान के टेलीफोनिक संवाद के कुछ ही घंटे बाद आया, जो अमेरिका-ईरान युद्ध शुरू होने के बाद पहला संपर्क था। जयशंकर और उनके ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची के बीच भी चर्चा हुई। हॉर्मुज को केवल अमेरिकी और इजराइली जहाजों और उनके सहयोगियों के लिए के लिए बंद रखा है।

**भारत ने अपनाया संवाद का रास्ता**

गौरतलब है कि ऐसी कठिन परिस्थिति में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सहयोगियों से हॉर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा के लिए युद्धपोत भेजने का आह्वान किया है। हालांकि अधिकतर देशों से उनके इस आह्वान पर नकारात्मक संदेश ही आया है। जापान से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक सभी देशों ने होर्मुज में अपना युद्धपोत भेजने से इनकार कर दिया। ऐसे में बात अगर भारत की करें तो भारत ने अपनी रणनीति के तहत सीधे संवाद और समझौते के बजाय सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने का रास्ता अपनाया है। जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत अपनी रणनीति यूरोपीय देशों के साथ साझा करने को तैयार है, लेकिन प्रत्येक देश की ईरान के साथ स्थिति अलग है।बता दें कि पिछले हफ़्ते, ईरान ने भारत के झंडे वाले दो एलपीजी कैरियर को होर्मुज स्ट्रेट से गुज़रने दिया।

### न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रही एयर इंडिया उड़ान आयरलैंड डायवर्ट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एयर इंडिया की न्यूयॉर्क-दिल्ली फ्लाइट एआई 102 को संदिग्ध तकनीकी खराबी के चलते ऐहतियातन आयरलैंड के शैनन एयरपोर्ट पर उतारा गया। विमान में करीब 300 लोग सवार थे और सभी यात्री व क्रू सुरक्षित हैं। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बयान में कहा कि 15 मार्च को न्यूयॉर्क (जेएफके) से दिल्ली के लिए रवाना हुई फ्लाइट एआई 102 को संभावित तकनीकी समस्या के बाद शैनन, आयरलैंड की ओर डायवर्ट किया गया।

### भोजशाला: जज खुद करेंगे मुआयना 2 से पहले दौरा



**इंदौर/धार (हरिभूमि न्यूज)।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने धार जिले के अति-संवेदनशील भोजशाला मामले में एक अहम टिप्पणी की है। जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच ने कहा कि मामले से जुड़े कई विवादों को देखते हुए वे 2 अप्रैल की अगली सुनवाई से पहले स्वयं परिसर का मुआयना करेंगे। जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच ने इस विवादित परिसर से जुड़ी याचिकाओं की नियमित सुनवाई के लिए 2 अप्रैल की तारीख तय की।




### नए टैरिफ लागू होने के बाद ही लगेगी भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर मुहर



**नई दिल्ली।** भारत-अमेरिका व्यापार करार पर वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि हम इस समय अमेरिका के साथ इसके विवरण पर बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर वास्तविक हस्ताक्षर तभी होंगे, जब टैरिफ की नई व्यवस्था लागू हो जाएगी। अमेरिका-इजराइल बनाम ईरान संघर्ष के कारण उत्पन्न व्यवधान पर वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा, कुछ रसद संबंधी चुनौतियां सामने आ रही हैं। उड़ानों में व्यवधान के कारण हवाई माल ढुलाई में भी कुछ दिक्कतें आ रही हैं। इसका कुछ असर जरूर पड़ेगा। भारत से आयात भी प्रभावित होगा क्योंकि आयात कई श्रेणियों के लिए भारत पर निर्भर है। दोनों पक्ष इन चुनौतियों का समाधान खोजने में लगे हुए हैं।

किश्तवाड़ में भूस्खलन से एक की मौत

### सिंथन टॉप पर फंसे 235 लोगों का सफल रेस्क्यू

एजेंसी ▶▶ जम्मू



जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात भारी वर्षा के कारण एक जलविद्युत परियोजना स्थल के पास भूस्खलन की घटना हुई। यह घटना डंगडूरू क्षेत्र के समीप हुई, जहां अचानक हुए भूस्खलन के कारण दो श्रमिक मलबे में फंस गए। प्रशासन और बचाव दल द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान एक श्रमिक को मृत अवस्था में बाहर निकाला गया, जबकि दूसरे घायल श्रमिक को सुरक्षित निकालकर उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। इस घटना ने क्षेत्र में कार्यरत परियोजना कर्मियों और स्थानीय लोगों के बीच चिंता की स्थिति पैदा कर दी।

## प्रियंका चोपड़ा 2016 के बाद फिर एक बार ऑस्कर अवॉर्ड प्रेजेंटर बनीं

# माइकल सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, बकले सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री

एजेंसी ▶▶ लॉस एंजिलिस

**▶▶ लियोनार्डो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' को बेस्ट फिल्म समेत 6 पुरस्कार**

**▶▶ किसी भी भारतीय फिल्म को नहीं मिला नॉमिनेशन**



जेसी बकले व माइकल बी.जॉर्डन

हॉलीवुड अभिनेता माइकल बी. जॉर्डन को फिल्म 'सिनर्स' में उनके दमदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का ऑस्कर खिताब प्रदान किया गया। इस फिल्म को रिकॉर्ड 16 अकादमी पुरस्कारों के लिए नामित किया गया था। पिछले साल के विजेता एड्रियन ब्रॉडी ने रविवार रात जॉर्डन के नाम की घोषणा की। जॉर्डन सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीतने वाले छठे अश्वेत अभिनेता हैं। वह विल स्मिथ ('किंग रिचर्ड', 2020), फॉरेस्ट व्हिटेकर ('द लास्ट किंग ऑफ स्कॉटलैंड', 2006), जेमी फॉक्स ('रे', 2004), डेनजेल वाशिंगटन ('ट्रेनिंग डे', 2001) और सिडनी पोइटियर ('लिलीज ऑफ द फील्ड') की सूची में शामिल हो गए हैं, जो 1963 में यह पुरस्कार जीतने वाले पहले अभिनेता थे। वहीं अभिनेत्री जेसी बकले को फिल्म 'हैमनेट' में दमदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। पॉल थॉमस एंडरसन की फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार मिला। उन्हें सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के पुरस्कार से भी नवाजा गया। एंडरसन का यह पहला ऑस्कर पुरस्कार है। फिल्म 'सिनर्स' की सिनेमैटोग्राफर ऑटम डुराल्ड अर्कापॉ, ऑस्कर में इतिहास रचते हुए पुरस्कार जीतने वाली पहली महिला सिनेमैटोग्राफर बन गईं।

### ऑस्कर के मंच पर भारतीय अभिनेत्री



*ऑस्कर के मंच पर भारत को एक संक्षिप्त, शानदार क्षण का अनुभव तब हुआ जब प्रियंका चोपड़ा जोनस ने सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म का पुरस्कार प्रदान किया। प्रियंका के साथ जेवियर बार्डेम भी थे, जिन्होंने 'युद्ध नहीं, फलस्तीन को मुक्त करो' की घोषणा करके सबका ध्यान आकर्षित किया। प्रियंका चोपड़ा दो बार प्रेजेंटर बनने वालीं इकलौती भारतीय हैं।*

### विजेताओं की सूची

- **बेस्ट फिल्म** - वन बैटल आफ्टर अनदर
- **बेस्ट एक्टर** - माइकल बी जॉर्डन (सिनर्स)
- **बेस्ट एक्ट्रेस** - जेसी बकले (हैमनेट)
- **बेस्ट डायरेक्टर** - पॉल थॉमस एंडरसन (वन बैटल आफ्टर अनदर)
- **बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर** - शॉन पेन (वन बैटल आफ्टर अनदर)
- **बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस** - एमी मैडिगन (वेपन्स)
- **बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म** - सेंटीमेंटल वैल्यू

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28